# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, बुधवार 04 दिसम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ :-8 मूल्य :-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 329




फेंगल प्रभावितों के लिए वित्तीय सहायता... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • वेस्टइंडीज ने बंगलादेश के खिलाफ एकदिवसीय...


## ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी

### पर्यटन विभाग को आए मेल के बाद सघन तलाशी

एजेंसी

**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ताजमहल को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पर्यटन विभाग को मंगलवार को ई-मेल के माध्यम से ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। मेल में लिखा, 'ताजमहल में बम लगा है जो सुबह नौ बजे फटेगा।

ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने पूरे ताजमहल परिसर में जांच की। बम निरोधक दस्ता बुलाकर स्मारक के आसपास भी जांच कराई है। गौरतलब है कि पूर्व के बरसों में भी ताजमहल में बम धमाके करने की



धमकी दी जा चुकी है। ताजमहल में पर्यटकों के बीच भगदड़ जैसे हालात न हों, इसलिए सुरक्षा बलों ने सबको एक साथ निकलने के लिए घोषणा नहीं की।

डॉग और बम स्क्वायड सर्च कर अभियान जारी रखा गया। हालांकि पुलिस के तलाशी अभियान के कारण पर्यटक भी जल्दी निकल रहे थे। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय ने बताया कि धमकी भरे ई-मेल की जांच की जा रही है। ईमेल किसने और कहां से भेजा यह पता कराया जा रहा है। वहीं ताजमहल के आसपास सुरक्षा पहले से ही रहती है जिसे और पुख्ता किया गया है। चेकिंग की जा रही है। किसी तरह की संदिग्ध वस्तु तो नहीं रखी गई है।

## नए कानूनों के केंद्र में है 'नागरिक प्रथम' की भावना: पीएम मोदी

एजेंसी

**चंडीगढ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि नए कानूनों के केंद्र में नागरिक प्रथम की भावना है। श्री मोदी यहाँ भारतीय भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि नए कानून बनाने की जरूरत इसलिए समझी गई क्योंकि पुराने कानून अंग्रेजों के समय व अंग्रेजी शासन की जरूरत के अनुसार और भारत पर अपना शिकंजा बनाए रखने के लिए बनाए गए थे। श्री मोदी ने कहा कि 1857 में पहले स्वाधीनता संग्राम, जिससे अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं, के तीन साल बाद अंग्रेजी हुकूमत ने 1860 में भारतीय दंड संहिता बनाई उसके बाद एविडेंस ऐक्ट और अपराध प्रक्रिया संहिता आई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी हमारे कानून उसी दंड संहिता के इर्दगिर्द मंडराते रहे। समय-समय पर इन कानूनों में छोटे-मोटे सुधार होते रहे लेकिन इनका चरित्र वही बना रहा। इसीलिए नए कानून लाने का प्रस्ताव चार साल पहले लाया गया ताकि देश को औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकाला जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले गरीब और कमजोर व्यक्ति पुलिस थाने या कचहरी जाने से डरता था, अब ऐसा नहीं होगा। हर पीड़ित व्यक्ति के प्रति कानून संवेदनशील है। उन्होंने यह भी कहा कि तारीख पर तारीख का समय अब खत्म हो चुका है और पीड़ित को अब त्वरित न्याय मिलेगा। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा महिलाओं के खिलाफ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के मामले में प्रथम सुनवाई के आठ दिनों के भीतर आरोप तय करने होंगे। सुनवाई पूरी होने के बाद 45 दिन के भीतर फैसला सुनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए कानूनों का फोकस दंड पर न होकर न्याय पर है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार करने से पूर्व पुलिस को परिजनों को सूचित करना होगा। तीन साल से कम सज़ा वाले अपराधों में उच्चाधिकारी की अनुमति के बिना गिरफ़्तारी नहीं होगी। जमानत के प्रावधान होंगे। पहली बार अपराध करने वालों के प्रति भी न्याय संहिता संवेदनशील होगी। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत डिजिटल एविडेन्स मान्य होगा। गवाही की वीडियोग्राफी होगी। उन्होंने कहा कि नए कानूनों से आतंकवाद का मुकाबला करने में भी मदद मिलेगी। मामलों का निबटारा समय से किए जाने के कारण अपराधी फैसले होने में लगने वाली देरी के कारण या कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलताओं का फायदा नहीं ले सकेंगे। भ्रष्टाचार को काबू करने में मदद मिलेगी, उत्पादकता बढ़ेगी, अर्थ व्यवस्था बढ़ेगी।

## कश्मीर में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के बाहरी इलाके में दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में चल रही मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ सोमवार शाम तब शुरू हुई जब पुलिस और सेना की संयुक्त टीमों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान छिपे हुए आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ और मुठभेड़ शुरू हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, अब तक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। अभियान अब भी जारी है। अब तक यह पता नहीं चल सका है कि मारा गया आतंकवादी किस संगठन से ताल्लुक रखता था। इससे पहले मंगलवार को सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा था कि जंगल क्षेत्र में अभियान जारी है। सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 02 दिसंबर 2024 को, विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर के दाचीगाम वन के ऊपरी इलाकों में एक संयुक्त अभियान शुरू किया।

# संभल की आग में पड़ोसी मुल्क की चिंगारी!

### घटनास्थल से पाकिस्तान मेड 9 एमएम कारतूस और खोखे बरामद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संभल के कोतवाली इलाके के मोहल्ला कोट गर्बी स्थित टंकी रोड पर हुई हिंसा की जांच में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच के दौरान फोरेंसिक और एलआईयू की टीमों को घटनास्थल से पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मेड 9 एमएम के दो कारतूस बरामद हुए हैं। इनमें एक कारतूस मिसफायर मिला है, जबकि दूसरा खोखा बरामद किया गया है।

घटनास्थल पर एएसपी श्रीशचंद्र और सीओ अनुज चौधरी के साथ फॉरेंसिक और एलआईयू टीमों ने गहन जांच पड़ताल की। अधिकारियों ने मौके से मिले सभी साक्ष्यों का विस्तृत विश्लेषण किया और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई को फोन पर पूरी जानकारी दी।

बता दें कि, स्थानीय कोर्ट के आदेश पर संभल में मुगलकालीन जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए



एडवोकेट कमिश्नर के नेतृत्व में एक टीम 24 नवंबर को वहां गई थी। स्थानीय लोगों ने सर्वे टीम का विरोध किया। हालांकि, पुलिस की मौजूदगी में सर्वे टीम मस्जिद के अंदर पहुंची और सर्वे का काम शुरू किया। इस बीच मस्जिद के बाहर अचानक हजारों की भीड़ मजहबी नारे लगाते हुए जुटी और पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। नकाबपोश उपद्रवियों ने वहां मौजूद सरकारी गाड़ियों में आग लगा दी और गोलीबारी भी की। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

संभल में हुई हिंसा के बाद जांच के लिए फोरेंसिक टीम और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू) की टीम एएसपी श्रीशचंद्र और सीओ अनुज चौधरी के साथ घटनास्थल पर पहुंची। यह मामला कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट गर्बी स्थित टंकी रोड का है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिंसा के स्थल पर पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बने 9 एमएम के दो कारतूस बरामद किए गए हैं। इनमें से एक कारतूस मिसफायर था, जबकि दूसरा एक खोखा के रूप में पाया गया। इसके अलावा, 12 बोर और 32 बोर के दो-दो खोखे भी घटनास्थल से बरामद हुए हैं।

### मस्जिद परिसर में फोरेंसिक टीम ने की जांच

पुलिस के अनुसार, मस्जिद परिसर में फोरेंसिक टीम ने बारीकी से जांच पड़ताल की। पाकिस्तान में निर्मित कारतूसों का पाया जाना मामले को और गंभीर बनाता है। घटनास्थल पर एलआईयू की टीम भी जांच में जुटी हुई है। टीम ने हिंसा से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी एकत्र की एएसपी श्रीशचंद्र और सीओ अनुज चौधरी ने पूरे मामले की जानकारी एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई को फोन पर दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम द्वारा जांच जारी है। बरामद गोलियों और खोखों की पुष्टि के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। संभल हिंसा के इस मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। पुलिस और जांच टीमों के अनुसार, यह मामला काफी गंभीर है। हिंसा के पीछे की साजिश और इसमें इस्तेमाल किए गए हथियारों की स्रोत की जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### क्या बोले संभल के एसपी?

सम्भल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा है कि पुलिस को घटनास्थल से पाकिस्तान और 🇺🇸 मेड खोखे मिले हैं। इनमें से 6 खोखे फायर्ड और मिसफायर्ड पाए गए हैं। बिश्नोई ने कहा, पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के असलहे के होने से यह मामला और भी गंभीर हो जाता है। हम इसे गंभीरता से ले रहे हैं और इसकी गहन जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह बरामदगी मामले की गंभीरता को साबित करती है और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## बिजली हड़ताल हुई तो दूसरे विभागों के इंजीनियर नहीं संभालेंगे स्थिति

### यूपीपीसीएल का अनुरोध नामंजूर

एजेंसी


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली कंपनियों के निजीकरण के विरोध में कर्मचारी संगठनों की लामबंदी तेज हो गई है। उप्र इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन को पत्र लिखकर अवगत करा दिया कि बिजली कर्मियों के हड़ताल पर जाने पर सिंचाई विभाग के इंजीनियर बिजली व्यवस्था संभालने का काम नहीं करेंगे। यूपी पावर कारपोरेशन ने संभावित हड़ताल से निबटने के लिए दूसरे विभागों के इंजीनियरों की मदद और व्यवस्था संभालने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखा था। इसके जवाब में यह पत्र भेजा गया है।

वहीं बिजली कर्मचारी संगठनों की नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई)के राष्ट्रीय पदाधिकारी 11 दिसंबर को लखनऊ में होंगे। ये पदाधिकारी उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में बिजली निजीकरण के विरोध की रणनीति तय करेंगे। इस बैठक में बड़े आंदोलन का ऐलान किया जा सकता है। दूसरी तरफ पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बाद मंगलवार को झारखंड, महाराष्ट्र और हरियाणा के बिजली इंजीनयर संघों ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर यूपी में निजीकरण के फैसले को वापस लेने की मांग की है। उ.प्र. इंजीनियर्स एसोसियेशन के महामंत्री आशीष यादव ने पावर कारपोरेशन के चेयरमैन को पत्र लिखकर सूचित किया है कि बिजली निगमों में हड़ताल होने की स्थिति में सिंचाई विभाग के अभियंता पॉवर कारपोरेशन में कार्य करने नहीं आएंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक के मुताबिक अन्य विभागों के इंजीनियर भी नहीं आने का फैसला ले चुके हैं। पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन ने नौ सरकारी विभागों को पत्र लिखकर उनसे हड़ताल की स्थिति में अभियंताओं और कर्मचारियों की मांग की थी।

## राज्यसभा में गतिरोध दूर, शीतकालीन सत्र में पहली बार चली सुचारू कार्यवाही

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अडानी समूह की कथित अनियमितताओं, संभल तथा मणिपुर की स्थिति , वायनाड और फेंगल के कारण आयी आपदा जैसे मुद्दों पर नियम 267 के अंतर्गत चर्चा कराने की मांग पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बना गतिरोध मंगलवार को राज्यसभा में दूर हो गया और सभापति ने सदस्यों को इनमें से कुछ विषयों पर शून्यकाल के दौरान अपनी बात रखने की अनुमति दे दी, जिससे शीतकालीन सत्र में पांच दिन के बाद पहली बार सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चली। विपक्षी सदस्यों के इन मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग पर अड़े रहने के कारण सत्र के पहले पांच दिन हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी जिससे सदन में विधायी



कामकाज नहीं हो सका। सभापति जगदीप धनखड़ ने आज जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद विधायी कामकाज शुरू करते हुए बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के 42 नोटिस मिले हैं। इनमें अजमेर शरीफ , संभल की स्थिति, मणिपुर की स्थिति, ओडिशा को विशेष दर्जा देने , फेंगल और वायनाड के कारण आयी आपदा, अडानी समूह , दिल्ली में प्रदूषण और बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार जैसे आठ विषयों पर सभी कामकाज रोककर चर्चा कराने की मांग की गयी है। उन्होंने कहा कि यह बड़े अफसोस की बात है कि एक नोटिस पहले से ही सार्वजनिक हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह नोटिस आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने भेजा है और इसे सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए पहले ही सार्वजनिक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह विषय उनके संज्ञान में है और इस बारे में क्या किया जाये इस पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक ही सदस्य ने दो नोटिस दिये हैं। उन्होंने कहा कि सदस्य चिंतन करें और सदन की कार्यवाही चलने दें।

उन्होंने सदस्यों से सुझाव का आह्वान करते हुए उनका मार्गदर्शन मांगा कि इतने मुद्दों पर सदन में चर्चा कैसे हो सकती है। सभापति ने कहा कि इनमें से कई मुद्दे शून्यकाल के नोटिसों में भी शामिल हैं, इसलिए सदस्यों को इन में से कुछ विषयों को शून्यकाल के दौरान उठाये जाने की अनुमति दी जा सकती है। इसके बाद सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से शुरू हो गयी और शून्यकाल में सदस्यों ने अपने विषय रखे।

## बरेली में गूगल मैप ने फिर कराया हादसा, कार नहर में गिरी, तीन घायल

**बरेली।** पश्चिम उत्तर प्रदेश के बरेली में एक बार फिर गूगल मैप ने बड़ा हादसा करा दिया। इज्जत नगर थाना क्षेत्र पीलीभीत रोड स्थित एक कार गूगल मैप अपडेट ना होने से कलापुर नहर में गिर गई। कार में तीन युवक सवार थे। जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची। जेसीबी क्रेन से कार बाहर निकाली गई। पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारिक ने बताया कि मंगलवार सुबह सेटेलाइट बस स्टैंड से गूगल मैप द्वारा तीन लोग पीलीभीत जा रहे थे। तभी उनकी कार कलापुर नहर में गिर गई। तीनों लोग घायल हो गए लेकिन सुरक्षित है। कार नहर से क्रेन द्वारा बाहर निकाल लिया गया है। दिव्यांशु निवासी औरैया समेत तीन लोग सेटेलाइट बस स्टैंड से गूगल मैप सहारे पीलीभीत जा रहे थे।

## मनरेगा में एरिया इंस्पेक्शन रिपोर्ट में देश भर में यूपी अव्वल

### मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता में सुधार पर जोर, एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन से हो रहे निरीक्षण

एजेंसी

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में मनरेगा योजनाओं की निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप का उपयोग किया जा रहा है। ऐप लॉन्च करने का खास मकसद यह है कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा जिसमें करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है।

एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से अधिकारी जांच भ्रमण के समय मनरेगा के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता पर



कार्यस्थल की फोटो ससमय अपलोड की जाती है। मनरेगा के अंतर्गत लाखों मजदूर भी कार्यरत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा अंतर्गत कई योजनाएं संचालित हो रही हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की निगरानी के लिए सरकार द्वारा एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है प्रदेश के कार्यक्रम अधिकारियों की मेहनत रंग ला रही है, मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित

**♦ कार्यों में गुणवत्ता सुधार, पारदर्शिता हेतु निरीक्षण जरूरी: प्रियदर्शी**

हो सके, इसलिए कार्यस्थलों पर निरंतर निगरानी हेतु अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण में प्रदेश वर्तमान में सबसे आगे, प्रदेश द्वारा निर्धारित लक्ष्य से भी ज्यादा निरीक्षण कर उपलब्धि हासिल की है इस वर्ष प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य 99,480 को पार करते हुए 1,22,681 से अधिक निरीक्षण किये गये हैं। प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। आन्ध्र प्रदेश दूसरे, बिहार तीसरे स्थान पर है। मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के सघन अनुश्रवण एवं पारदर्शिता को लेकर निरीक्षण के कार्य पर विशेष फोकस किया गया है।

एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जांच भ्रमण के समय मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता उपयोगिता पर कार्यस्थल की फोटो अपलोड की जाती है।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें WhatsaApp करें।

9935781155, 9415052283

# दिव्यांगों के प्रति समाज का नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है: सदर विधायक

शकुन टाइम्स संवाददाता




**महाराजगंज।** आजाद नगर कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक दिव्य क्षमता है और उनके लिए विकलांग शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। हमारी सरकार द्वारा देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनायी गयी है। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेशन की योजना भी चला रखी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सरवन गुप्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंजी विवेक गुप्ता, सभासद बृजेन्द्र पटेल, जिला समन्वयक के के सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी अरविंद मणि त्रिपाठी सहित शिक्षक ,दिव्यांग जन बच्चे अभिभावक मौजूद रहे। विधायक ने दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

## बगैर लाइसेंस संचालित फैक्ट्री से पांच लाख की दवाइयां बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के कोतवाली इलाके में करीब 30 साल से संचालित नकली दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर करीब पांच लाख रुपये कीमत की दवाइयां बरामद की गयी हैं। अपर जिलाधिकारी अभिनंदन श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से गठित गई टीम ने करीब साढ़े सात घंटे की छापेमारी करके यह कार्यवाही की है। औषधि विभाग ने एलोपैथिक और अर्धनिर्मित आयुर्वेदिक दवाइयों के भंडार को एक मकान से बरामद किया । करीब पांच लाख रुपए की दवाइयां जब्त की गई और उनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक लम्बे समय से बिना लाइसेंस के दवाइयां बनाई जा रही थी। 11 दवाइयों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। कोतवाली इलाके के सराय शेख तिकोनिया पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव व सहायक आयुक्त औषधि, कानपुर मंडल, कानपुर द्वारा गठित टीम इटावा औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय, औरैया औषधि निरीक्षक ज्योत्सना आनंद, कन्नौज औषधि निरीक्षक डॉ परमेश द्विवेदी, इटावा नायब तहसीलदार सदर, शिखर मिश्रा व पुलिस सहायता बल थाना कोतवाली ने गुप्ता फर्म एंड कंपनी का निरीक्षण किया। जहां पर औषधि निर्माण का भंडारण मिला है। अधिकारियों के पूछताछ करने में पता चला कि इन दवाइयों के निर्माण के लिए कोई भी लाइसेंस प्राप्त नहीं है। विभागीय अधिकारियों ने जब फर्म गुप्ता फर्म संचालक राजीव कुमार गुप्ता द्वारा दवाई निर्माण लाइसेंस के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने लाइसेंस न होने की बात स्वीकार की। जिसके बाद अधिकारियों ने फर्म संचालक के मकान संख्या 475 सराय शेख के दूसरी मंजिल और तीसरी मंजिल पर पुलिस सहायता व तहसीलदार सदर की उपस्थिति में छापेमारी की गई।

## संक्षिप्त सामाचार

### रास्ते को लेकर हुए विवाद में चली गोली एक मौत

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के आमतौरा गांव में दो पक्षों में रस्ते को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा था जिसको लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को गोली मार कर हत्या कर दिया। गोली चलते ही मचा हड़कंप मृतक गीडा के अमतौरा गांव का रहने वाला था

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में तीन गिरफ्तार

**चंपावत/नैनीताल।** उत्तराखंड की चंपावत में पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंपावत निवासी एक महिला की ओर से सोमवार को अपनी नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म के संबंध में एक तहरीर सौंपी गयी। दुष्कर्म का आरोप तीन युवकों पर लगाया गया।

पुलिस ने यौन शोषण संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि पुलिस जांच में तीनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आज तीनों आरोपियों गोपाल सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह बिष्ट और नव प्रभात तड़ागी निवासी चंपावत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

### नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप के रेफरी बने इटावा के नरेश भदौरिया

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में तैनात प्राथमिक शिक्षक नरेश भदौरिया कर्नाटक के मैसूर में होने वाली 62 वी. नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप के रेफरी बन गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार मंगलवार को बताया कि कर्नाटक के मैसूर में 5 से 15 दिसंबर तक होने वाली 62 में नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के इटावा के प्राथमिक शिक्षक नरेश कुमार भदौरिया का चयन नेशनल रेफरी के लिये पर हुआ है।नरेश भदौरिया इटावा में चौगुर्जी के वासी है।

और बेसिक शिक्षा परिषद में अध्यापक के पद पर तैनात हैं। तीन मई 1983 को जन्मे नरेश भदौरिया इटावा में शिक्षा विभाग में प्रथामिक शिक्षक के रूप बढ़पुरा ब्लॉक के नगला बूसा गांव में तैनात है और 2021 से रेफरी के तौर पर कार्य कर रहे हैं।

छह राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में रैफरी रह चुके हैं तथा तीन नेशनल प्रतियोगिताओं के रेफरी रह चुके हैं। नरेश का पूरा परिवार खिलाड़ी है। उनकी बड़ी पुत्री नेत्रा उत्तर प्रदेश रोलर डर्बी टीम में नेशनल प्लेयर है । छोटी पुत्री ख्याति भी स्पीड स्केटिंग में नेशनल प्लेयर है। उनकी पत्नी अर्चना रोलर डर्बी मे नेशनल रेफरी है। वह भी रैफरी के लिए बेंगलुरु में होने वाली नेशनल रोलर डर्बी चैंपियनशिप में जा रही हैं।

### गोरखपुर गोंडा रेलखंड में बदले मार्ग से चलेंगी ट्रेन

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-गोंडा खण्ड के परसा तिवारी स्टेशन पर गर्डर लांचिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निधारण करने का निर्णय लिया गया है। प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि आनन्द विहार टर्मिनल से सात दिसम्बर को चलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। इसी प्रकार अमृतसर से 07 दिसम्बर को चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी- गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। कटिहार से 07 दिसम्बर को चलने वाली 15707 कटिहार- अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। प्रवक्ता ने बताया कि एर्नाकुलम से 06 दिसम्बर को चलने वाली 12522 एर्नाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस एर्नाकुलम से 150 मिनट पुनर्निधारित कर चलाई जायेगी।

## इमारती लकड़ी से किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की कवायद

शकुन टाइम्स संवाददाता

**भदोही।** कालीन नगरी भदोही में इमारती लकड़ी की खेती से पूर्वांचल के किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की कवायद शुरू हो गई है। वन विभाग पहली बार जिले मे 50 हजार महागोनी की पौधा रोपित कर किसानों में वितरित करने की तैयारी में जुट गया है। योजना का विस्तार प्रदेश में पूर्वांचल के सभी जिलों में शुरू करने की रणनीति बनाई गई है। प्रभागीय वनाधिकारी नीरज आर्य ने मंगलवार को बताया कि इस वर्ष पहली बार 50 हजार महागोनी पौधा लगाने की तैयारी चल रही है। नर्सरी में तैयार होने वाले इस पौधे को जिले भर में रोपित कराया जाएगा। महागोनी किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही कई जिम्मेदारियों को पूर्ण करने में भी सहायक है। दस से पंद्रह वर्ष में किसानों को इस इमारती लकड़ी से अच्छा बजट मिलेगा। इस बजट से कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कम लागत और कम समय में यह इमारती लकड़ी अच्छा मुनाफा देती है। अब पूर्वांचल में महागोनी लकड़ी की विशेष पहचान होगी। बेटी पैदा होने के पांच वर्ष बाद भी किसान महागोनी पौधा रोपित करते हैं तो दस से पंद्रह वर्ष बाद मजबूत आर्थिक मदद मिल सकती है। उन्होंने बताया कि महागोनी की लकड़ी मजबूत होने के साथ बाजार में अच्छी कीमत में बिकती है, जिससे घर बैठे मजबूत बजट मिल जाता है। इस बजट से किसान आसानी से अपनी बेटियों के हाथ पीला कर सकते हैं। उन्होने बताया कि महागोनी का पौधा खेत की मेड़ पर लगाया जाता है, जिसमें न तो कृषि योग्य भूमि ही नष्ट होती है और न ही इसकी छाया से खेत में बोई गई फसल पर किसी तरह का विपरीत प्रभाव पड़ता है। यह पौधा लगाया जाता है तो बरसात के दिन में मेड़ की मिट्टी कटान भी रूक जाती है। जिले में पहली बार 50 हजार पौधा रोपित करने की तैयारी चल रही है।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

### कार्यकर्ताओं पर शिक्षकों द्वारा हमला का है गंभीर आरोप

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** परमा पाटन देवी इंटर कालेज मछलीगांव कैंपियरगंज सरकार से सहायता प्राप्त विद्यालय है विद्यालय में शिक्षकों की पढ़ाई के प्रति कोई रुचि नहीं है पी टी ए के नाम पर अवैध वसूली, स्काउट गाइड के नाम पर वसूली,अराजकता, टूटी दीवारों द्वारा छात्रों का कूदना, गाली देना तथा शिक्षकों के पढ़ाने न जाने के कारण छात्रों की पढ़ाई नहीं हो रही थी इस बात का पता जब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को चला तो वे प्रधानाचार्य पियूष जी से मिलने गए जिससे वो अपनी समस्या उनके सामने रख सके गेट पर पहुंचते ही शिक्षक विवेक राव, आशीष गुप्ता, दुर्विजय शुक्ल मूल रूप से एवं अपने अन्य शिक्षकों ने कार्यकर्ता लक्ष्मण निषाद, एवम् अन्य कार्यकर्ताओं के ऊपर हमला कर दिया जिसमें छात्र एबीवीपी कार्यकर्ता लक्ष्मण को विवेक राव द्वारा कॉलर पकड़ कर घसीटा गया ,मारा गया तथा विवेक राय द्वारा एबीवीपी संगठन को गाली दिया गया। सूचना मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगरमंत्री अजय नायक के पहुंचने पर मामला शांत हुआ परंतु मामला शांत कराने के बावजूद विवेक राव अजय नायक से उलझते दिखाई दिए। हमले की जानकारी उपजिलाधिकारी कैंपियरगंज को ज्ञापन के माध्यम से जानकारी दे दी गई है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अजय नायक ने बताया कि विवेक राय को तत्काल निलंबित एवं अन्य दोषियों पर भी कार्यवाही नहीं की जाएगी या हमारी मांग नहीं सुनी गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन, एवं अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल करने के बाध्य होंगे और आवश्यकता पड़ने पर देशव्यापी आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से नगर मंत्री अजय नायक, लक्ष्मण निषाद, सुरेंद्र पासवान, निखिल, विकाश गौंड, अभिषेक, एवम् अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया पनियरा थाने का किया औचक निरीक्षण

शकुन टाइम्स संवाददाता




**पनियरा/महाराजगंज।** जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने पनियरा थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया। थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर , त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया गया एवं संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाने का हवालात चेक करते हुए साफ-सफाई की स्थिति आदि का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए । थानों पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण को सख्त हिदायत दिया गया।

कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें। बीट आरक्षी/मुख्य आरक्षी गण को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहने व क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन के शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करने हेतु हिदायत दिया गया ।

## उपचुनाव में जख्मी अखिलेश दे रहे हैं उलूल जुलूल बयान: केशव

शकुन टाइम्स संवाददाता

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने मंगलवार को कहा कि समाजवादी पार्टी(सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर उपचुनाव में हार का गहरा झटका लगा है और यही कारण है कि वह संसद में अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। श्री मौर्य ने यहां पत्रकारों से कहा कि उप चुनाव में भाजपा की शानदार जीत और सपा की करारी हार से अखिलेश यादव घबरा गये हैं। 2027 के चुनाव में खुद को यूपी की बागडोर संभालने का सपना देखने वाली सपा को 2047 तक सपने देखना बंद कर देना चाहिए। जनता का फैसला हो गया है। हम यूपी का उप चुनाव जीते, महाराष्ट्र भी जीते, दिल्ली भी जीतेंगे और यह अभियान चलता रहेगा। उन्होंने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को चुनाव में इतना गहरा जख्म लगा है कि वे अपने जख्म को सहलाते हुये संसद में बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर का मामला अगर न्यायालय के समक्ष नहीं गया होता और न्यायालय का आदेश नहीं हुआ होता तो आज प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनने के बाद हम भव्य श्रीराम लला के दर्शन नहीं करते। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अदालत के आदेश से आज सम्भल में कोई कमीशन सर्वे के लिए गया तो अखिलेश यादव को मिर्ची क्यों लग रही है। उन्होंने कहा कि सम्भल के सपा सांसद और विधायक अपने वर्चस्व की लड़ाई में आपस में लड़कर लोगों को पहले मारते हैं। फिर मुआवजा मांगते हैं। उसके बाद वहाँ अपना प्रतिनिधिमण्डल भेजते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा प्रदेश को बर्बाद करना चाहती है, लेकिन हमारी सरकार ऐसा होने नहीं देगी। वो प्रदेश को दंगा प्रदेश बनाना चाहते हैं, लेकिन योगी सरकार ऐसा होने नहीं देगी और यह प्रदेश सुशासन, विकास और शांति का प्रदेश है और रहेगा।

## वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करें- सीडीओ

शकुन टाइम्स संवाददाता




**महराजगंज।** मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन द्वारा जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण और गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों से जियो टैगिंग की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया सभी विभाग जल्द से जल्द वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक जलाशयों में ठोस अपशिष्ट के प्रवाह को रोकने हेतु सभी निकायों और डीपीआरओ को निर्देशित किया। वन विभाग द्वारा निचलौल स्थित परगपुर में ठोस अपशिष्ट के प्रवाह की बात बताए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने डीएफओ महराजगंज को ईओ निचलौल को अपशिष्ट प्रवाह रोकने हेतु पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निकायों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर भी रोक लगाने का निर्देश दिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बायो मेडिक वेस्ट के निस्तारण में बार कोड सिस्टम को लागू करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में डीएफओ निरंजन राजेंद्र सुर्वे, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ हौसला प्रसाद, अपर मुख्य

चिकित्साधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद, डीपीआरओ सुश्री श्रेया मिश्रा, डिप्टी सीवीओ डॉ विनोद विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त उद्योग राकेश जयसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एचडीएफसी बैंक के बाहर धू-धूकर जली वायरिंग मची अफरा तफरी

**बाराबंकी।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नाका पैसार स्थित एचडीएफसी बैंक परिसर के बाहर बिजली के तारों में अचानक आग लग गई। तेज लपटों के साथ निकलने वाले धुंए को लेकर बैंक के अंदर मौजूद ग्राहक व कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सभी बाहर भाग खड़े हुए। स्थानीय कर्मचारियों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे एचडीएफसी बैंक की मुख्य शाखा में रोजाना की तरह काम चल रहा था। इसी दौरान बैंक के बाहर लगे एटीएम के ऊपर तेज धुंआ निकलने के साथ वायरिंग धू-धूकर जलने लगी। इसे लेकर एटीएम के आसपास खड़े ग्राहक चीखने चिल्लाने लगे। आग लगने का शोर जैसे ही सुना शाखा के अंदर मौजूद ग्राहक ही नहीं कर्मचारी भी बाहर भागने लगे। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद बैंक के कर्मचारियों ने आग पर किसी तरह काबू पाया।

## अज्ञात वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर, एक की मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बाराबंकी।** थाना क्षेत्र मसौली के हाईवे पर हसनपुर मोड़ के पास मंगलवार की भोर में एक ऑटो को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनको ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें से एक शख्स की मौत हो गई। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लोहारन पुरवा पूरे किन्हौली निवासी घनश्याम (24) ऑटो चलाता था। मंगलवार की सुबह करीब तीन बजे गांव के अमित कुमार वर्मा पुत्र अमर सिंह वर्मा 26 वर्ष ऑटो से रामनगर की ओर से वापस घर की ओर लौट रहा था। बाराबंकी रामनगर हाईवे पर थाना क्षेत्र के टीआर भट्टा के करीब पहुंचा था कि किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ऑटो क्षतिग्रस्त हुआ साथ में चालक घनश्याम और साथी अमित गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घनश्याम को मृत घोषित कर दिया। वहीं अमित का इलाज चल रहा है। तेज रफ्तार कार की टक्कर से पति-पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गए। परिजनों ने आनन- फानन में सभी को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों की निगरानी में सभी का उपचार जारी है। मंगलवार को जनपद लखनऊ निवासी नितिन अपनी पत्नी पूजा और साली आरती के साथ मोहम्मदपुर खाला के ज्वेली गांव में रिश्तेदारी में गए थे। जहां से इसी थाना क्षेत्र के खैरातपुर गांव में आयोजित एक शादी समारोह में जाने के लिए निकले ही थे कि दादनपुर चौराहे के पास पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे पारिजनों ने तीनों को एंबुलेंस से फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## बाघ ने नौ साल की मासूम को दबोचा, बुआ के साथ गई थी खेत पर

शकुन टाइम्स संवाददाता



**निघासन।** गन्ना छिलाई कर रहे परिजनों के लिए अपनी बुआ के साथ पानी लेकर खेत पर जा रही नौ साल की बच्ची पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बुआ के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। इस पर बाघ बच्ची को छोड़कर भाग निकला। घायल बच्ची को सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

गांव चखरा मुंशीगढ़ निवासी इसराना बानो ने बताया कि उसकी मां खेत में गन्ना छिलाई कर रही थी। वह खेत पर पानी देने जा रही थी। तभी दादी के पास जाने के लिए कासमी बानो (9) भी खेत चलने की जिद करने लगी। वह कासमी बानों के साथ घर से करीब दो खेत आगे निकली थी। इसी बीच गन्ने के खेत में घात लगाए बैठे बाघ ने कासमी के ऊपर हमला कर दिया और उसे खींचकर गन्ने की तरफ ले जाने लगा। यह देख उसके होश उड़ गए। उसने शोर मचाया तो आस पड़ोस के लोग लाठी डंडा लेकर आ गए और शोरगुल करने लगे। इस पर बाघ कासमी को छोड़कर भाग निकला। बाघ के हमले से कासमी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल कासमी की मां जेबुनिया बानो को जब इसकी जानकारी हुई तो वह गश खाकर गिर गईं। परिजन घायल कासमी को लेकर सीएचसी निघासन पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया है। मझगई वन क्षेत्राधिकारी अंकित सिंह ने बताया बाघ का मूवमेंट है। इसको लेकर पहले ही ग्रामीणों को चेताया जा चुका है कि छोटे बच्चे जंगल की तरफ न जाएं, लेकिन गांव वाले बात मानने को तैयार नहीं हैं। वन विभाग की टीम निगरानी के लिए लगाई गई है। थाना निघासन क्षेत्र में इन दिनों तेंदुआ और बाघ की आमद से लोगों में भय का माहौल है। पिछले एक महीने में बाघ और तेंदुआ कई लोगों पर हमला कर चुका है। वन विभाग अब तक तीन तेंदुओं को पिंजड़ा लगाकर पकड़ चुका है, लेकिन इसके बाद भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। गन्ने की छिलाई का कार्य तेजी से चल रहा है। बाघ और तेंदुए की आमद से गन्ने की छिलाई का काम भी प्रभावित हो रहा है।

# ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता





**वाराणसी।** कल दिनांक 3 दिसंबर 2024 को ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल दादूपुर, क्राइस्टनगर, वाराणसी आई सी एस ई बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें कक्षा एक से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने घर पर अनुपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल करके विज्ञान के साथ-साथ गणित, हिंदी, भूगोल, इतिहास और अंग्रेजी विषय के अनेक प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शित किया। जिसमें उनके अध्यापक गणों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। विद्यालय के प्रबंधक श्री जयप्रकाश शर्मा, उप प्रबंधक ओम प्रकाश शर्मा तथा प्रधानाचार्या श्रीमती संध्या देवी ने बच्चों को उचित सलाह और सहयोग दिया तथा बच्चों के विकास के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया। बच्चों के अभिभावक गणों ने भी बच्चों के प्रतिभा का अवलोकन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री विनोद राय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद वाराणसी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संतोष सिंह प्रधानाचार्य श्री आदित्य नारायण पब्लिक स्कूल चोलापुर वाराणसी किया गया। श्री तरुण रुपाणी प्रधानाचार्य डालिम्स चौबेपुर तथा सचिव काशी सहोदय वाराणसी श्री प्रवीस सिंह प्रधानाचार्य हैप्पी मॉडल स्कूल कुरवां श्री अंशुमन देव गुप्ता सचिन बाल विकास वाराणसी और श्री आलोक श्रीवास्तव प्रधानाचार्य आर एन पब्लिक स्कूल भेलूपुर वाराणसी श्री उमेश सिंह सलाहकार जी एन ओ आई टी ग्रेटर नोएडा भी उपस्थित रहे और बच्चों को उचित सलाह और प्रोत्साहित किया। अंत में विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन के प्रत्याशी अनूप सिंह ने महामंत्री पद के लिए किया नामांकन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** आज सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री पद के प्रत्याशी अनूप सिंह जी ने अपना नामांकन भरा। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने उनका समर्थन किया और उनके नामांकन में शामिल हुए। अनूप सिंह जी एक अनुभवी और योग्य अधिवक्ता हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण मामलों में अपनी सेवाएं दी हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और कानूनी ज्ञान के कारण उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार माना जा रहा है।अनूप सिंह जी के नामांकन के साथ ही, सेंट्रल बार एसोसिएशन उनके नेतृत्व में एसोसिएशन नए मुकाम हासिल करेगी और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। बनारस के कानूनी जगत में यह एक नई और महत्वपूर्ण शुरुआत है,जो आने वाले समय में अधिवक्ताओं और न्यायपालिका के लिए नए अवसर प्रदान करेगी।

## अर्धरात्रि में रामनगर पुल से महिला ने गंगा में लगाई छलांग, पीएसी जवानों ने बचाया

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी से पीएसी जवानों की ड्यूटी दलनायक बाढ़ दल ब्रजेश राय के नेतृत्व में सामने घाट नाव गार्द के रूप में लगाई गई थी। दिनांक 02.12.2024 को अर्धरात्रि करीब 23:00 बजे आजमगढ़ निवासी एक महिला उम्र लगभग 28 वर्ष, आत्महत्या के प्रयास से रामनगर पुल के ऊपर से गंगा में छलांग लगा दी तभी पुल के ऊपर से कुछ लोगों के द्वारा तेजी से शोर किया गया, शोर सुनकर 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर सामने घाट नाव गार्द ड्यूटी में तैनात मु0आ0 रवीन्द्र कुमार कुंवर, आरक्षी ईश्वरनाथ कुमार, धर्मवीर कुमार, दीपक चौधरी ने इसकी आवाज सुनकर तत्काल अपनी कार्रवाई करते हुए मोटर बोट द्वारा तत्काल पहुंचकर उक्त महिला की जान बचा ली तथा चौकी प्रभारी नगवां को सूचित करते हुए मदद लेकर एंबुलेंस बुलाकर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, उक्त महिला की स्वास्थ्य ठीक है और अभी ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। पीएसी जवानों के इस साहसिक कार्य की वहां मौजूद आम जनमानस द्वारा सराहना की गयी। सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी पंकज कुमार पांडेय आईपीएस द्वारा उक्त जवानों की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत किया गया।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही हिंसा के विरोध में निकाली गयी आक्रोश प्रदर्शन रैली

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** हिन्दू रक्षा समिति के तत्वावधान में संयोजक विमल सिंह एवं सह संयोजक डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही हिंसा के विरोध में विशाल जनसमुदाय के साथ आक्रोश प्रदर्शन रैली निकाली गयी। शान्तिपूर्ण ढंग से आयोजित यह रैली विसर्जन घाट से प्रारम्भ शुरू जो अटाला, सुहट्टी चौराहा, कोतवाली, चहारसू, ओलन्दगंज होते हुए विसर्जन घाट पर पहुंचकर पुन- समाप्त हुई। पदयात्रा के प्रारम्भ में विसर्जन घाट पर सभा हुई जहां विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष विमल सिंह, भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय, अमित वत्स व नीतू सिंह ने अपने विचार रखे। पदयात्रा आक्रोश प्रदर्शन में जनसमुदाय ने लोगों को उत्साहित करने के उद्देश्य से वन्दे मातरम, भारत माता की जय और विभिन्न प्रकार के नारे लगाये। अन्त में बांग्लादेश के हिन्दू समुदाय की सुरक्षा और सहायता के लिये आवश्यक कदम उठाये जायं। इस निमित्त हिन्दू रक्षा समिति द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह को दिया गया जहां पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द वर्मा एवं नगर कोतवाल मिथिलेश मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख मिथिलेश जी, प्रान्त प्रचारक प्रमुख रामचन्द्र जी, विभाग प्रचारक अजीत जी, जिला प्रचारक रजत जी, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, डा. रामसूरत मौर्य, डा. उदयराज सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, सूर्यांश सिंह, अंजू सिंह, जान्हवी श्रीवास्तव, डा. ब्रह्मेश शुक्ल, नगर प्रचारक मण्डलेश्वर जी, विवेक सिंह, प्रदीप सिंह, मनीष सेठ, डा. अमरनाथ पाण्डेय, राम शर्मा, श्याम मोहन अग्रवाल, पंकज जायसवाल, नीरज श्रीवास्तव, अतुल जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव, सुरेश सिंह, अमित निगम, नारायण चौरसिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## चोरी के 190 खाली गैस सिलेंडर बरामद

### टाटा मैजिक गाड़ी भी बरामद, 2 अन्तर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** मीरगंज पुलिस ने चोरी गए 190 खाली गैस सिलेंडर (14 किग्रा इण्डेन मार्का) बरामद करते हुए दो अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। टाटा मैजिक वाहन को सीज कर दिया गया। थानाध्यक्ष मीरगंज रमेश कुमार, एसआई सुनील कुमार यादव, एसआई मुन्नीलाल कन्नौजिया और एसआई शमीम खां अपनी टीम के साथ मुखबिर खास की सूचना पर मोलनापुर निर्माणधीन नहर पुलिया के पास से दो शातिर अन्तर्जनपदीय चोर धर्मवीर गौतम उर्फ जानू पुत्र कुल्लू राम निवासी ग्राम हरिपुर सरायदासू सैदाबाद पुलिस चौकी के पास थाना हंडिया जनपद प्रयागराज हालपता करौहा थाना उतरांव प्रयागराज और सौरभ पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम चिल्ला कला थाना सोहागी जनपद रीवा म.प्र. हालपता पप्पू पासी के मकान में सैदाबाद पुलिस चौकी के पीछे सीएचसी के सामने थाना हंडिया प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया। इनकी गिरफ्तारी सोमवार को रात साढ़े 7 बजे हुई। आरोपियों की निशानदेही पर 190 खाली गैस सिलेण्डर 14 किग्रा इण्डेन मार्का बरामद किया गया। जिसमें थाना मीरगंज अन्तर्गत ग्राम सेमरी के जनार्दन इण्डेन गैस एजेन्सी से 141 सिलेण्डर 19 नवम्बर को चोरी किया गया था और 27 मई को पंवारा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गैस एजेंसी से 49 सिलेंडर चोरी किया गया था। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र पासवान, कांस्टेबल सुदीप सिंह, उदय प्रताप, पवन चौहान, पवन कुमार, राजू चौहान, रमेन्द्र यादव शामिल थे।

## संक्षिप्त सामाचार

### आग में फंसे मरीजों को सुरक्षित निकाला

वाराणसी। बीएचयू ट्रॉमा सेंटर परिसर स्थित मनोचिकित्सा विभाग में मंगलवार को अग्निशमन का मॉक ड्रिल हुआ। इस दौरान आग पर काबू करने और फंसे मरीजों को सुरक्षित निकालने का पूर्वाभ्यास किया गया। विभाग की चौथी मंजिल पर मोटर फायर इंजन के जरिये आग बुझाने का अभ्यास किया गया। साथ ही मरीजों को छत के रास्ते हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से सुरक्षित रेस्क्यू का पूर्वाभ्यास हुआ। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी लालजी गुप्ता, अग्निशमन अधिकारी भेलूपुर इंद्रजीत वर्मा, डॉ. कविता मीना आदि रहीं।

### जमीन दिलाने के नाम पर 15.50 लाख की धोखाधड़ी

**वाराणसी।** अकथा (पहड़िया) में जमीन दिलाने के नाम पर 15.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में कोर्ट के आदेश पर सारनाथ पुलिस ने केस दर्ज किया है। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भदेवरा गौरा (जौनपुर) के सुरेंद्र सिंह ने कोर्ट में पहड़िया की श्रीनगर कॉलोनी में किराये पर रहनेवाले अजय सिंह के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। अजय भी जौनपुर के ही नाऊपुर (केराकत) का मूल निवासी है। आरोप लगाया कि अजय ने उन्हें अकथा में जमीन दिलाने की बात कही थी। इसके लिए 23 जुलाई 2023 से चार बार में लगभग 15.50 लाख रुपये ले लिये। उसके बाद जमीन नहीं दिलाई। रुपये वापस मांगने पर इनकार कर दिया। इस बाबत सुरेंद्र सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया।

### छत से गिरकर अधेड़ की गई जान

**वाराणसी।** में शादी में गए चौबेपुर के बरियासनपुर निवासी 55 वर्षीय कांता राजभर सोमवार रात छत से गिर गए। आननफानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने कांता को मृत घोषित कर दिया। कांता राजभर की सेहमलपुर में रिश्तेदारी है। वह बेटे संतोष के साथ सोमवार रात वहां वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। रात में द्वारपूजा के बाद कांता छत पर सोने चले गए।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

## कुलपति ने किया सेमेस्टर परीक्षाओं का औचक निरीक्षण

### पहली पाली की परीक्षा की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग देखी गई

शकुन टाइम्स संवाददाता




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने मंगलवार को महाविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा की सुचिता को बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए। पहली पाली में संपन्न हुई परीक्षा का सीसीटीवी भी देखा। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने जौनपुर जनपद के गुलाबी देवी महाविद्यालय, अब्दुल अज़ीज़ अंसारी महाविद्यालय एवं फरीदुलहक़ महाविद्यालय का परीक्षा के दौरान निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा दिया गए निर्देशों की स्थिति जानी और सीसीटीवी को भी चेक किया। अब्दुल अजीज महाविद्यालय के रसायन विभाग के लैब का भी निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह भी शामिल रहे।विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा गाजीपुर, जौनपुर एवं प्रयागराज जनपद के 380 केंद्रों पर संपन्न हो रही है जिसमें गाजीपुर जनपद में 214, जौनपुर जनपद में 165 एवं प्रयागराज जनपद में एक केंद्र समय से सेमेस्टर परीक्षाओं के संपन्न होने के लिए बनाए गए। समय से परीक्षा संपन्न कराने एवं परीक्षाफल घोषित करने के लिए 3 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तीन पाली में परीक्षा कराई जा रही है। पहली पाली सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक दूसरी पाली 11:00 से 1:00 तक और तीसरी पाली 2:00 बजे से 4:00 तक आयोजित की गई है ।

## कारोबारी से 50 लाख रूपये रंगदारी की मांग, जानमाल की धमकी

### होटल संचालक व बांध कारोबारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

शकुन टाइम्स संवाददाता

**शाहगंज /जौनपुर।** स्थानीय नगर के नई आबादी मोहल्ला निवासी रस्सी-बांध व्यवसायी रवि जायसवाल के मैनेजर के नम्बर पर अंजान मोबाइल नम्बर से काल करके 50 लाख रूपये रंगदारी की मांग की गयी। रुपया न देने पर जान से मारने की धमकी से व्यापारी भयभीत हैं। पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मालूम हो कि नगर के नई आबादी सुल्तानपुर मार्ग निवासी रवि जायसवाल रस्सी कारोबार करते हैं। उनका एक होटल नगर के अयोध्या मार्ग नवल प्लाजा के नाम से संचालित है। होटल में मैनेजर के पद पर सोनू यादव निवासी कौड़िया कार्यरत हैं। मैनेजर के मोबाइल पर गत गुरुवार को रात करीब नौ बजे अनजान नम्बर से काल आयी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने मैनेजर को धमकी देते हुये कहा कि अपने मालिक रवि जायसवाल से कह दो कि 50 लाख रूपये दो दिन के भीतर शाहगंज रेलवे स्टेशन पर जहां मैं कहूंगा, वहां लाकर दे देना, अन्यथा गोली मारकर खत्म कर देंगे। पीड़ित व्यवसायी रवि जायसवाल ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को देते बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल रंगदारी मांगने के इस मामले को लेकर व्यापारी व परिजन भयभीत हैं।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन अत्यंत संवेदनशील है : जिलाधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता




**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर शिया इन्टर कालेज के मैदान में विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, समाज सेवी विनीत सेठ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा आकाश में गुब्बारा छोडा गया और दिव्यांग छात्र आशीष गौंड के द्वारा ट्रैक पर मसाल लेकर दौड़ लगाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे बच्चें जो किन्ही कारणों से दिव्यांगता की श्रेणी में आते है, उनके सर्वांगीण विकास के लिए शासन अत्यन्त संवेदनशील है। उन्होने कई उदाहरणों के माध्यम से बच्चों का उत्साह बढाते हुए उन्हे जीवन में कुछ अलग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने शासन की तरफ से अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक, बौद्विक, शारीरिक विकास के लिए सदैव सहयोग देने के लिए तत्पर रहेगे। जिलाधिकारी ने स्वागत गीत गाने वाले बच्चों को शाल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होने दिव्यांग बच्चों को चाकलेट भी वितरित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज में बराबरी का स्थान प्राप्त हो इसके लिए और प्रयास किये जाने की आवश्यकता है, उन्होने जनपद के पूर्व जिलाधिकारी श्री सुहास एल वाई जी का उदाहरण देते हुए कहा कि बच्चें उनसे प्रेरणा ले और स्वयं के साथ ही अपने अभिभावक और जनपद का नाम रोशन करें। केला दौड़ में वासिफ प्रथम, विक्कि द्वितीय, विराट तृतीय। 50 मीटर बालिका दौड़ में परी सरोज प्रथम, तान्या द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में नितेश प्रथम, शिवा शर्मा द्वितीय, गोली चम्मच दौड़ में विक्की प्रथम, समर द्वितीय, आयुष तृतीय। सुलेख में स्वतंत्र प्रथम, महिमा द्वितीय, आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर समेकित शिक्षा समन्वयक शशिधर उपाध्याय, लेखा अधिकारी राजीव पाण्डेय, एबीएसए उदयभान कुशवाहा ,सौरभ कनौजिया, विशाल उपाध्याय, अरुण मौर्या, दुर्गेश पटेल और सभी विकास खण्डों से विशेष शिक्षक ज्योति सिंह, विवेक सिंह, संजय मिश्रा प्रमोद कुमार माली, मनोज गुप्ता, शक्ति सिंह, विजय सिंह सुनीता कुशवाहा, आनन्द तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील सिंह ने किया।

## आर.पी.एफ ने विद्युत सामान्य विभाग को 13 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी श्री बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में मंडल के मिनी स्टेडियम में चल रही अंतर विभागीय ञ्ज-20 प्रतियोगिता में आज दिनांक 03 दिसम्बर 2024 को तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच आर.पी.एफ और विद्युत सामान्य के बीच खेला गया। आर.पी.एफ ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाएं। आर.पी.एफ की तरफ से शेषनाथ ने 43 बॉल पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 63 रन रामप्रवेश ने 29 बॉल पर चार चौके की मदद से 24 रन ,अवनीश राय ने चार बाल पर दो चौके और दो छक्के की मदद से 20 रन और राम बहादुर ने 11 बॉल पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाएं। विद्युत सामान्य की तरफ से रोशन कुमार ने चार ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट प्रवीण कुमार ने तीन ओवर में 40 रन देकर दो विकेट, करण कुमार ने चार ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए तथा भगवान यादव को एक विकेट प्राप्त हुआ, 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्युत सामान्य की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन ही बना सकी इस प्रकार आर.पी.एफ ने 13 रन से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। आर.पी.एफ की तरफ से संतोष ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट ,जावेद ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए तथा शेषनाथ और सतीश चंद्रा को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। 43 बॉल पर 63 रन बनाने वाल आरपीएफ के शेषनाथ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीनियर कमांडेंट श्री एस रामकृष्णन के द्वारा दिया गया ।चौथा क्वार्टर फाइनल मैच दिनांक 10 दिसम्बर 2024 को कार्मिक और संरक्षा विभाग के बीच खेला जाएगा।

## विश्व विकलांग दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गाजीपुर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण दिवस पर जिले के अक्षम बच्चों का जनपद स्तरीय समेकित खेलकदू एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कालेज महुआबाग गाजीपुर में किया गया। शुभारम्भ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने किया। जिलाधिकारी ने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान आयोजित खेल प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर सभी को दंग कर दिया। छूकर पहचानों प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़, चम्मच दौड़, सुलेख प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता का आयोजन तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। छूकर पहचानो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनीषा कम्पोजिट विद्यालय-रेवरियां, विकासखण्ड-जखनियां, द्वितीय स्थान पर गुड़िया, प्राथमिक विद्यालय-कुदरूसीपुर, विकासखण्ड-मनिहारी एवं तृतीय स्थान लक्ष्मी, उच्च प्राथमिक विद्यालय-तरौटी, विकासखण्ड-मरदह ने प्राप्त किया गया।

# पश्चिम वाहिनीं घाट से नही हटायी गयी मिट्टी

## देव दीपावली पर अधिकारी महज कोरम पूरा कर चले गये

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट के सीढ़ियों पर जमे मिट्टी को पूरी तरह से नही हटाया गया। अधिकारी व कर्मी महज कोरम पूरा कर चले गये। जबकि जिलाधिकारी ने देव दीपावली महोत्सव से पूर्व मिट्टी को हटाने का निर्देश दिया था। अभी ऐसे कई बड़े आयोजन आने वाले है। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोग स्नान दान करने आते है। वही प्रतिदिन शव दाह संस्कार करने के लिए भी यहां हजारो लोग आते है। इसके अलावा बलुआ घाट पर कई बड़े त्यौहारों मौनी अमावस्या, मकर सक्रांति, बारहों एकादशी आदि पर लाखों-हजारो की संख्या में लोग आते है। बाढ़ के दौरान यहां घाट की सीढ़ियों पर दर्जनों ट्रैक्टर मिट्टी जम



जाता है। जिसे हटाने के लिए सफाई कर्मी नही जेसीबी की जरूरत पड़ती है। प्रबोधनी एकादशी, कार्तिक पूर्णिमा के व देव दीपावली पर आस्था की भीड़ जुटती है। इसके पूर्व गंगा सेवा समिति व अधिकारीयो के बीच बैठक कर घाट की सफाई व मिट्टी हटाने के लिए चर्चा होती है किन्तु इस बार केवल कोरम पूरा किया गया है। इस घाट से सबसे ज्यादा परेशानी प्रतिदिन शव ले जाने वालों को होती है आगे मकर सक्रांति व मौनी अमावस्या का स्नान आने वाला है। किंतु अधिकारी मौन है। जबकि देव दीपावली से पूर्व यहां निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मिट्टी हटाने का निर्देश दिया था किन्तु इसे नही हटाया गया । गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि मिट्टी हटाने के लिए कहा गया था । इस पर पुन: अधिकारियो से मिलकर चर्चा किया जाएगा ।

## कस्बा में उड़ती धूल से व्यापारी-राहगीर परेशान

### सड़क निर्माण में टैंकर से पानी का नही होता है छिड़काव

**चहनियां/चंदौली।** चन्दौली से चहनियां तक बन रहे हाइवे निर्माण में उड़ती धूल लोगो के लिए मुसीबत बन गयी है । हाइवे निर्माण में लगे टैंकर से छिड़काव नही हो रहा है। कस्बा व बाजारों में लोगो का रहना चलना दुश्वार हो गया है। चन्दौली से चहनियां तक हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा है । एक तरफ कच्छप गति से कार्य तो चल ही रहा है गिट्टी व मिट्टी के कारण उड़ती धूल से लोगो का चलना दुश्वार है। सबसे ज्यादा परेशानी कस्बा व बाजारवासियों को हो रहा हैं। दिन रात आने जाने वाले भारी वाहनों के कारण उड़ती धूल से मार्ग किनारे रहने वाले लोगो का जीना दुश्वार हो गया। कस्बावासीयो का कहना है कि मार्ग निर्माण में लगे टैंकर हर कस्बा व बाजारों में प्रतिदिन पानी मार्ग पर गिराने का नियम है किन्तु पानी नही गिराते है। कभी कभी महीने में कोरम भी पूरा करते है तो शाम या रात में थोड़ी पानी गिरा देते है। उड़ती धूल से कस्बा में लोगो का सामान तो नुकसान हो ही रहा है बीमार ब्यक्तियो को और बीमार बना रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या पर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# क्रय केंद्र पर जोरशोर से धान की खरीदारी शुरू



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गहमर।** स्थानीय गांव स्थित राजकीय धान क्रय केंद्र पर धान की खरीदारी जोरशोर से शुरू हो गयी है। किसान अपने खेतों से तैयार धान क्रय केंद्र पर ले आए रहे हैं। इस संबंध में क्रय केंद्र प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि तीस हजार कुंतल धान की खरीदारी का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष अब तक चौअलिस सौ कुंतल धान खरीदा जा चुका है। अब तक कितने किसानों का धान खरीदा गया है सबका पैसा भेजा जा चुका है। जैसे जैसे किसान अपना धान लेकर केंद्र पर आएंगे खरीदारी कर ली जाएगी।

## संक्षिप्त सामाचार

### बिना ड्रेस कालेज में नहीं होगा प्रवेशः प्राचार्य

**भदोही।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बिना यूनिफार्म आने वाले छात्र-छात्राओं के प्रति सख्ती बढ़ गई है। सोमवार को गेट पर परिचय पत्र की सघन जांच की गई। प्राचार्य प्रोफेसर रमेशचंद्र यादव ने छात्रों का परिचय पत्र जांच करते हुए हिदायत दी है कि बिना ड्रेस के किसी विद्यार्थी का अंदर प्रवेश नहीं होगा। प्राचार्य के निर्देश पर गेट पर परिचय पत्र एवं ड्रेस का सघन जांच चलता रहा। इस दौरान कालेज आए कुछ छात्र शिक्षकों से उलझते नजर आए। ऐसे में गेट पर उपस्थित प्राचार्य ने कहा कि बिना यूनिफार्म कोई छात्र-छात्राएं कालेज नहीं आएंगी। वहीं, अपना आईडी कार्ड भी पास रखें।

कालेज परिसर में बाहरी लोगों के आने की जानकारी मिल रही है। ऐसे में कालेज में सख्ती बढ़ दी गई है। कालेज में बेहतर पठन-पाठन को माहौल का होना अत्यंत जरूरी होता है। ऐसे में समस्त छात्र-छात्राएं यूनिफार्म में आने के साथ ही अपना आईडी कार्ड जरूर पास रखें। क्योंकि कालेज गेट पर किसी वक्त चेकिंग किया जा सकता है। ऐसे में बिना आईडी कार्ड एवं यूनिफार्म को आए विद्यार्थियों को वापस किया जा सकता है। उधर, आईडी कार्ड चेकिंग को लेकर छात्रों मे अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### मुसहर समाज को मिले आवासीय पट्टा का लाभ

**भदोही।** जिला मुख्यालय पर सोमवार को पहुंचे मुसहर समाज के लोगों ने डीएम को पत्रक सौंप आवासीय पट्टा का लाभ मुहैया कराने की मांग की। बुनियादी सुविधा की मांग लेकर समाज के लोगों ने आवाज मुखर की। वहीं, कई गांव में समाज के लोगों पर हुआ मुकदमा वापस करने की मांग की गई। इस दौरान मुसहर समाज के लोगों ने कहा कि हम लोग आजादी के दशकों बाद भी पेड़ के नीचे ठंड भरी रात गुजार रहे हैं। हम लोगों को कई स्थानों पर शासन स्तर से आवासीय पट्टा मुहैया कराया गया लेकिन कब्जा नहीं मिल पा रहा है। दबंगों द्वारा हम लोगों पर फर्जी मुकदमा कर परेशान किया जा रहा है। केवटाही, भावापुर समेत अन्य गांव में हुआ मुकदमा खत्म की जाए। वहीं, हम लोगों को शासन स्तर से संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराया जाए। इस मौके पर उर्मिला देवी, लालजी, उषा, शकुंतला, गीता देवी, मंजू देवी, रामलाल, राजकरन आदि उपस्थित थे।

### अनियमित दिनचर्या से पैदा हो रही समस्याः प्रो. आनंद

**गाजीपुर।** नई आशा मानसिक एवं परामर्श एवं पुनर्वास केंद्र स्टेशन रोड पर कृष्णा ज्योति फाउंडेशन की ओर से मंगलवार नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर आनंद मिश्रा ने किया। उन्होंने ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में अनियमित दिनचर्या से तरह तरह की समस्याएं पैदा हो रही है। ऐसे में मानसिक रुप से लोग मजबूत रहें। केन्द्र संचालिका डा ज्योति शर्मा ने सबके प्रति आभार किया। इस अवसर पर डा. सोनू यादव, डॉ. बी राम, डॉ. सुनील शर्मा (चर्मरोग) डॉ. आदिल, डा. मनोज शर्मा, डॉ. अमित यादव, डा. कृष्ण कुमार, डा. रोली शर्मा ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

### बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गाजीपुर।** विश्व दिव्यांग दिवस पर समर्पण संस्था की ओर से राजेश्वरी विकलांग विद्यालय एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र फतेहुल्लाहपुर में विश्व विकलांग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह व सदर विधायक जय किशन साहू ने शुभारंभ किया। सपना ने कहा कि यह दिव्यांग बच्चे ईश्वर की देन है, जो हमें इनको तुच्छ नहीं समझना चाहिए। सदर विधायक ने कहा कि संस्था के कार्यों की प्रशंसा की।

बच्चों ने राम आएंगे, कव्वाली पापा मेरे पापा, हिंदू मुस्लिम सिख इसाई, भांगड़ा, नाटक आदि करके लोगों का मन मोह लिया और लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संस्था संरक्षिका सविता सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र यादव, विजय सिंह, दीपक सिंह, अखिलेश सिंह, डॉ. समीर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरनाथ गुप्ता ने किया।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुद्दो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

## स्कॉर्पियो के धक्के से घायल युवक की इलाज के दौरान लखनऊ में हुई मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**धानापुर/ चंदौली।** विगत 17 नवंबर को धानापुर चहनिया मुख्य मार्ग पर रायपुर पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सड़क पर टहल रहे कस्बा के दो युवकों को टक्कर मार दी थी। जिसमें घायल नौरेज खान 37 वर्ष पुत्र सेराज खान की रविवार को देर शाम इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वही दूसरे घायल मोहसिन खान 36 वर्ष का इलाज चल रहा है। ज्ञात हो कि नौरेज और मोहसिन दोनों मित्र थे जो विगत 17 नवंबर को प्रतिदिन की भांति सड़क पर शाम को टहलने गए हुए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो यूपी 67 ए के 6955 ने सड़क के किनारे चल रहे दोनों युवकों को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए थे। नौरेज के सर में गंभीर



चोट आई थी जिसके कारण उसकी मौत हो गई। नौरेज अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था, जो नौकरी करता था और अपने बूढ़े मां बाप का इकलौता सहारा था। जिसके मौत की सूचना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक को दो पुत्री और एक पुत्र है। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में मुकदमा पंजीकृत है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बलुआ घाट पर बहुउद्देशीय मंडप प्रतिक्षालय का कार्य शुरू,कार्य जोरों पर

## साढ़े अठारह लाख रुपये में तैयार हो रहा प्रोजेक्ट



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनिया/चंदौलो।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर बहुउद्देशीय मंडप प्रतिक्षालय बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। जो कार्य तेजी से चल रहा है। यह बनने के बाद घाट की रौनक में चार चांद लग जायेगा। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा घाट पर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की टीम द्वारा बहुउद्देशीय मण्डप प्रतीक्षालय का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बताया की मौनी अमावस्या मेले के पूर्व यह बनकर तैयार हो जायेगा।

दीपक जायसवाल ने बताया कि भाजपा नेता अरविन्द पाण्डेय के साथ मिलकर एक लंबे प्रयास के बाद अब 18 लाख, पचास हज़ार की लागत से बनने वाला यह बहुउद्देशीय मण्डप का कार्य आज माँ गंगा कि असीम कृपा से पूर्ण होने जा रहा है। जो वर्ष पर्यंत लगने वाले पर्वों पर यह बहुत ही उपयोगी होने वाला है। इस अवसर पर जुगनू पासवान, राजेश सोनकर, बृजेश साहनी आदि लोग उपस्थित थे।

## अनिल यादव: दिव्यांगता को मात देकर बने समाजसेवा और राजनीति के नायक



**गाजीपुर।** जनपद के बिरनो क्षेत्र के जयरामपुर बिठौरा गांव निवासी अनिल यादव का जीवन संघर्ष, साहस और आत्मविश्वास की मिसाल है। बचपन में पिता की मृत्यु के बाद परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए 1999 में उन्होंने एक दुर्घटना में अपने दोनों हाथ गंवा दिए। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए अपनी दिव्यांगता को अपनी ताकत बना लिया।

**दिव्यांगता को नहीं बनने दिया बाधा-**
दोनों हाथ कटने के बावजूद अनिल ने अपनी पढ़ाई पूरी की। उन्होंने दोनों हथेलियों में कलम फंसाकर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, डबल एमए (हिंदी और भूगोल), बीटीसी, कंप्यूटर डिप्लोमा और हिंदी टंकण में निपुणता हासिल की। उनकी इच्छाशक्ति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे साइकिल, मोटरसाइकिल और चारपहिया वाहन भी चलाते हैं।

**राजनीति और समाजसेवा में सक्रिय भूमिका-**
अनिल यादव ने न केवल अपनी शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल की, बल्कि समाजसेवा और राजनीति में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। 2010-2015- गाजीपुर के बिरनो से जिला पंचायत सदस्य रहे। 2009- समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नामित हुए। 2019- समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य बने।वर्तमान में समाजवादी डिजिटल फोर्स के जिला अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। सम्मान और प्रेरणा उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें कई बार सम्मानित किया गया।

# प्रमुख समाजसेवी राजेश कुमार उर्फ बाढ़ू जायसवाल की पुत्रवधू भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आभा जायसवाल ने किया नामांकन

## सैयद राजा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए हो रहा है उपचुनाव

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** जिले के सैयदराजा के प्रमुख समाजसेवी राजेश कुमार उर्फ बाढ़ू जायसवाल की पुत्रवधू नगर पंचायत के उपचुनाव के क्ष्छ्क्क प्रत्याशी आभा जायसवाल द्वारा नामांकन किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सम्मिलित होकर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराई।

चंदौली यात्रा गाइड की गयी। बता दें कि सैयदराजा नगर पंचायत के कामाख्या मंदिर से नामांकन जुलूस निकालकर नगर भ्रमण करते हुए प्रत्याशी जिला मुख्यालय स्थित नामांकन स्थल पहुंचकर सैयदराजा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के



के सानिध्य में दो सेट में नामांकन दाखिल किया गया। इस दौरान प्रत्याशी की दावेदारी कर रहे कई दावेदार भी नामांकन में सम्मिलित रहे, जिससे यह माना जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता हिजुट होकर नगर पंचायत की सूचना में जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान वीरेंद्र जायसवाल, विनय जायसवाल, नामवर, अरुण मौर्य, विशाल मद्धेशिया टुन्नू, अजय वर्मा, नरेंद्र चौरसिया, परमेश्वर मोदनवाल, बचाचाबाबू अग्रहरी सहित अन्य लोग शामिल रहे। इसके साथ ही साथ सारा क्षेत्र भगवा में देखने को मिल रहा था।

वहीं यह भी देखने को मिला कि दावेदारी कर रहे तीन उम्मीदवार इस नामांकन में दूर-दूर तक नजर नहीं आए, जिसमें शंकर जायसवाल, देवानंद मौर्य एवं अमित कुमार वर्मा नामांकन प्रक्रिया से दूरी बनाए रखी और इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म था। मौके पर मौजूद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कहा कि हम लोग एकजुट होकर इस उप चुनाव में जाएंगे और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को हर हालत में जीत दिलाने की भरपूर कोशिश करेंगे

वही नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बाढ़ू जायसवाल ने कहा कि हम सभी लोगों के सहयोग के लिए आभारी हैं और आज से हमें चुनाव प्रचार में जुड़ जाना है, ताकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी से भारी बहुमत से विजई बनाकर एक बार फिर से नगर पंचायत अध्यक्ष कुर्सी हासिल की जा सके।

## सघन पल्स पोलियो अभियान संबंधी जिला टास्क फोर्स संबंधी बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** पल्स पोलियो अभियान 08 दिसंबर 2024 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान इस अभियान को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक है कि स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर इस अभियान को सफल बनाए। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न धर्मगुरुओं से सहयोग लेने पर बल दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषद् / नगर पंचायत क्षेत्र में पार्षदों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों से बूथों का उद्घाटन करवाया जाए। साथ ही मंदिर / मस्जिद में लगे अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से 5 वर्ष कम आयु के बच्चों को बूथ पर दवा पिलाने के सन्दर्भ में निरंतर सन्देश प्रसारित कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के माध्यम से मदरसों से प्रात: रैली निकाली जाए एवं बुलावा टोली के माध्यम से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बूथ पर बुलवाकर पोलियो खुराक पिलवाई जाए। साथ ही आपूर्ति विभाग बच्चों को पोलियो दवा पिलवाने से इनकार करने वाले परिवारों को स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के सहयोग से दवा पिलवाना सुनिश्चित करेंगे।

# सावित्री बाई फुले महाविद्याल में सेमिनार के माध्यम से कैरियर पर दिया गया विशेष ध्यान

## रोजगार के अवसर व निवेश पर छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चकिया/चन्दौली।** जनपद चन्दौली के चकिया में स्थित सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिन्हा की अध्यक्षता में कैरियर गाइडेंस के प्रभारी पवन कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट, जो भारतीय पूंजी बाजार के नियामक प्राधिकरण सेबी का शैक्षणिक उपक्रम के अंतर्गत भारतीय पूंजी बाजार में रोजगार के अवसर और निवेश के बेहतर विकल्प की जानकारी के लिए दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन प्रसून कुमार दुबे एवं अनिल कुमार दुबे द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग छात्र छात्राओं को बताया गया कि आज भारतवर्ष विश्व के वित्तीय क्षेत्र में तीव्र गति से प्रगति कर रहा है, जिससे कुशल वित्तीय पेशेवर की मांग में वृद्धि हो रहा है। सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर



महाविद्यालय द्वारा सामाजिक निर्वहन दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत नि:शुल्क रजिस्टर्ड छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रमाण पत्र से प्रतिभागियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल में वृद्धि करने के साथ ही उनके पेशेवर क्षमता को बढ़ाने और कैरियर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सहयोग मिलेगा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रमाकांत गौड़, डॉ कलावती, डॉ प्रियंका पटेल, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ अमिता सिंह डॉ, संतोष कुमार यादव, डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह एवं विश्व प्रकाश शुक्ल सहित समरजीत राकेश, देवेन्द्र बहादुर सिंह आदि सहित कई छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैंडल जुलूस निकालकर महिलाओं को जागरूक किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चकिया/चन्दौली।** ग्राम्या संस्थान एवं इब्तिदा नेटवर्क के संयुक्त तत्वाधान में 25 नवंबर अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा विरोध दिवस से 10 दिसंबर विश्व मानवाधिकार दिवस तक चलाए जा रहे महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज मंगलवार 3 नवंबर 24 को चकिया ब्लाक से गांधी पार्क तक मोमबत्ती जुलूस निकाला गया कैंडल मार्च का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिसोदिया ने किया सभी प्रतिभागी 1090 पर फोन करो महिला हिंसा बंद करो, लड़की लड़का एक समान सबको शिक्षा सबको ज्ञान, महिला हिंसा बंद करो बंद करो, किशोरियों ने ठाना है अपना अधिकार पाना है, आदि नारा लगाते हुए बाजार का भ्रमण कर आम लोगों को जागरूक किया इस अवसर पर संस्थान की निदेशक बिंदु सिंह ने बताया कि महिलाओं एवं लड़कियों के ऊपर हो रही हिंसा, छेड़छाड़, बलात्कार आदि




के रोकथाम एवं जागरूकता हेतु क्षेत्र के विभिन्न गांव में रैली, कैंडल मार्च, पपेट शो, नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी आदि गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है हमारे समाज में अभी भी लड़की लड़के में भेदभाव महिला पुरुष में असमानता जैसी समस्याएं दिखती हैं जो समाज में गैरबराबरी पैदा करती है।

इस दौरान विभिन्न टोल फ्री नंबरों जैसे 112, 1090, 181 आदि के उपयोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया रैली में करवदिया, शिकारगंज, लठियां, बलिया खुर्द, मुजफ्फरपुर, हेतिमपुर, बोदलपुर, मुड़हुआ दक्षिणी व अन्य गांव से रुखसार, करिश्मा, कविता,

अंजलि, प्रतिमा, दामिनी, और ग्राम्या संस्थान से सुरेंद्र, नीतू, अंजू, प्रीतम, रामविलास, मन्नू, श्री राम, राजेश, सहित सैकड़ो लोगों ने भागीदारी किया। कार्यक्रम की सुरक्षा में थाना चकिया से उपनिरीक्षक गंगाधर मौर्य, कस्बा प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक गिरीश राय, उपनिरीक्षक दयाशंकर सिंह पटेल, व भारी संख्या में सुरक्षा बल मौजूद रहा।

# गोस्वामी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सोनभद्र।** आदर्श गोस्वामी समाज का 18 वा सामूहिक विवाह समारोह उरई, जालौन में आयोजित किया गया। जिसमें 11 कन्याओं का विवाह हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी सत्यानंद गिरि राष्ट्रीय अध्यक्ष रुद्र सेना संघ,एवं साध्वी सरिता गिरि राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता धाम ट्रस्ट एवं वात्सल्य आश्रम सोनभद्र का सानिध्य रहा एवं अध्यक्षता अशोक गिरी, जिलाध्यक्ष भाजपा,झांसी ने की। समारोह का शानदार संचालन सचिन गोस्वामी उरई ने किया। समारोह को संबोधित करते हुवे सरिता धाम ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी सरिता गिरी ने कहा कि गोस्वामी समाज द्वारा ऐसे सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करना समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य है। समाज द्वारा ऐसे पुनीत आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहूंगी। उन्होंने कहा सामूहिक विवाह के आयोजन करने से अनावश्यक आर्थिक भार नहीं होता, समय की बचत ओर दहेज जैसी कुप्रथा से समाज मुक्त होगा। जिससे निर्धन परिवार की बेटियां भी समय पर परिणय सूत्र में बंध सकेगी। साध्वी सरिता गिरी ने कहा कि सामूहिक विवाह विकास सम्मेलन से समाज में एकता की भावना को बढ़ावा मिलता है इससे कई परिवार एक साथ आते हैं और सामूहिक लगाव मजबूत होता है । उन्होंने कहा कि हिंदू विवाह संस्कार और रीति रिवाज भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं और मान्यताओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इस सांस्कृतिक परंपरा में विवाह को एक शुभ मांगलिक कार्य माना जाता है जो धार्मिक आध्यात्मिक और सामाजिक एकता को प्रकट करता है। अतिथियों ने 11 नव युगल जोड़ो को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद भी दिया। समारोह में भारतीय गोस्वामी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश दत्त गिरी,वरिष्ठ राष्ट्रीय काफी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन पुरुष और महिलाएं उपस्थित रही।

## विकास खंड हापुड़ के मंसूरपुर ग्राम के प्राथमिक विद्यालय का किया गया औचक निरीक्षणः हिमांशु गौतम




शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आश्रय गृह प्रशिक्षण केंद्र में पहुंचकर दिव्यांग जनों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटरों का वितरण किया गया। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड हापुड़ के ग्राम मंसूरपुर के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर प्राथमिक विद्यालय के छात्राओं से मिड डे मील की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने विद्यालय में साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल हेतु संबंधित को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्राओं से शिक्षा की गुणवत्ता हेतु बच्चों से किताबें पढ़वाई गई।

## संक्षिप्त सामाचार

### संसद में बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को लेकर बयान दे केंद्र सरकारः मायावती

**लखनऊ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर जुल्म ज्यादती का हवाला देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार से पड़ोसी मुल्क के हालात और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर संसद में बयान देने की मांग की है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख़्ता पलट होने के बाद वहाँ नई सरकार में ख़ासकर हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा व जुल्म-ज्यादती आदि तथा उससे वहाँ बिगड़ते हालात अति-दुखद व चिन्ताजनक। इसको लेकर भारत के लोगों में काफी आक्रोश। सरकार इस पर संसद में वक्तव्य दे व उचित कदम भी उठाए।

### नर्सिंग छात्रा के साथ दुष्कर्म, जीजा की शादी की मांग ने बढ़ाई मुसीबत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक नर्सिंग छात्रा के साथ उसके जीजा द्वारा बलात्कार की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोपी, जो तीन बच्चों का पिता है, लंबे समय से पीड़िता का शारीरिक शोषण कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता लखनऊ में अपनी बहन और जीजा के साथ रह रही थी। आरोप है कि जीजा ने काफी समय तक उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा इस घटना को छिपाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब आरोपी ने उस पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू किया, तो उसने अपनी बहन को इस बारे में बताया। इसके बाद, उसकी बहन ने पुलिस से संपर्क किया और आरोपी के खिलाफशिकायत दर्ज कराई। आपको बता दें कि चिनहट पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा, आरोपी द्वारा पीड़िता और उसके परिवार को हत्या की धमकी देने के कारण पुलिस ने उन्हें सुरक्षा भी प्रदान की है। यह घटना एक बार फिर हमारे समाज में यौन शोषण और बलात्कार के गंभीर मुद्दों को उजागर करती है। यह हमें याद दिलाती है कि महिलाओं और लड़कियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना आवश्यक है, ताकि वे शोषण या हिंसा के डर के बिना रह सकें।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर स्कैनिंग के दौरान मिला नवजात का भ्रूण, कोरियर एजेंट गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एयरपोर्ट के कार्गो स्कैनिंग के दौरान एक डब्बे से भ्रूण बरामद हुआ। यह पार्सल लखनऊ से मुंबई के पते पर भेजा जा रहा था। भ्रूण को देखकर कार्गो कर्मचारी हैरान रह गए और उन्होंने तुरंत संबंधित कोरियर एजेंट को हिरासत में ले लिया। बाद में युवक को सीआईएसएफ(केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के हवाले कर दिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, अभी तक की पूछताछ में यह सामने आया है कि लखनऊ के एक दंपति ने आईवीएफ(इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) प्रक्रिया के जरिए गर्भधारण किया था और भ्रूण मुंबई में परीक्षण के लिए भेजा जा रहा था। लेकिन, कोरियर कंपनी को भ्रूण को सड़क मार्ग से भेजने का निर्देश था, लेकिन गलती से यह कार्गो के जरिए हवाई मार्ग से भेजा गया। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट के कार्गो परिसर में भ्रूण पाया गया। इसके बाद कोरियर कराने आए व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

## पशुपालकों को प्रोत्साहन हेतु आनंदा डेरी ने ग्रीन शीतल संयंत्र का शुभारंभ किया



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** मंगलवार को जनपद हापुड़ के पिलखुवा खैरपुर खैराबाद पशुपालकों को प्रोत्साहन हेतु आनंदा चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने अपने चिलिंग संयंत्र पर पशु गोबर से निर्मित उपला द्वारा संचालित ग्रीन शीतल सयंत्र का उद्घाटन किया। जिससे से 60 त्न ऊर्जा की वचत होगी ओर जो पशुपालकों का आय का जरिया बनेगा इस संयंत्र का आविष्कार न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया है आनंदा डेरी चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि यह ग्रीन शीतल संयंत्र भारत में पहली बार आनंदा ने पशुपालकों की आमंदनी बढ़ाने लिए अपने संयंत्र पर स्थापित किया है । इस संयंत्र से ऊर्जा की बचत होगी ओर पशुपालकों की आमंदनी बढ़ेगी आनंदा सदेव नई नई तकनीकी पर काम कर रही आनंदा डेरी अपने सभी संयंत्र पर ग्रीन शीतल संयंत्र स्थापित करेगी इस अवसर पर आनंदा डायरेक्टर राहुल दीक्षित,न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी डायरेक्टर आकाश अग्रवाल और समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,तेलीबाग के राजीव नगर घोषियाना में अजय कुमार यादव पेशे से अधिवक्ता हैं। वह मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे टीवीएस स्पोर्ट बाइक (यूपी-32 एल ई 8751) से जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार इंडिगो कार यूपी 32 डीएम 2898 ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर टू पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और एक चार वर्ष की बेटी हैं।

## एक्सपो में हैण्डलूम उत्पादों के साथ आकर्षक हैंडीक्राफ्ट का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर द्वारा आयोजित नेशनल हैण्डलूम एक्सपो 2024, (गाँधी बुनकर मेला), बृजेन्द्र स्वरूप पार्क, कानपुर नगर में प्रारंभ होकर तक चलेगा। विभिन्न प्रदेशों के हथकरघा करीगरों एवं हैण्डशिल्पियों के उत्कृष्ट उत्पाद बिकी एवं डिस्प्ले हेतु उपलब्ध है। एक्सपो की अवधि प्रतिदिन मध्यान्ह तक है। को श्री राकेश सचान, मा0 मंत्री मंत्री जी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, निर्यात प्रोत्साहन, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के कर कमलों द्वारा नेशनल हैण्डलूम एक्सपो 2024, (गाँधी बुनकर मेला), का दीप प्रज्वलित कर विधिवत औपचारिक उद्घाटन किया गया। मा0 मंत्री जी द्वारा एक्सपो परिसर में विभिन्न प्रान्तों के स्टालों का भ्रमण कर उनके उत्कृष्ट उत्पादों की सराहना की गयी। मा0 मंत्री जी द्वारा भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय, बुनकर सेवा केन्द्र-वाराणसी के सौजन्य से बनाये गये थीम पैवेलियन का निरीक्षण किया गया एवं सिल्क साड़ी बनाये जाने की प्रकिया तथा वस्त्रों में ब्लाक प्रिंटिंग की प्रक्रिया को जानने में अपनी रूचि ली। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी के अतिरिक्त उप निदेशक, बुनकर सेवा केन्द्र, भारत सरकार, वाराणसी- श्री संजय गुप्ता, संयुक्त आयुक्त हथकरघा श्री के0 पी0 वर्मा, उप आयुक्त (प्रवर्तन) श्री पी0 सी0 ठाकुर, एवं परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त श्री दीपक तिवारी उपस्थित रहे। मा0 मंत्री जी द्वारा अपने उद्बोधन में मा0 प्रधानमंत्री जी के ड्रीम प्रोजेक्ट पी0एम0 मित्रा पार्क एवं उद्यमियों को इसके लाभ के बारे में जानकारी दी गयी। श्री के0 पी0 वर्मा, संयुकत आयुकत हथकरघा द्वारा बुनकरों एवं आम जनमानस को हथकरघा निदेशालय द्वारा चलायी जारी अन्य योजनाओं के बारे में विधिवत जानकारी दी गयी। एक्सपो में हरियाणा, उत्तराखण्ड, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू एवं कश्मीर, झारखण्ड, राजस्थान एवं पश्चिमी बंगाल सहित उत्तर प्रदेश के झांसी, मऊ, इटावा, कानपुर, अलीगढ़ एवं वाराणसी जनपदों के कुल 80 स्टॉलों के माध्यम से विभिन्नता युक्त आकर्षक उत्पाद है, जो बरबस ही लोगो को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 16 स्टॉल द्वारा भी अपने उत्पाद बहुत ही उचित दर में पर ग्राहकों हेतु उपलब्ध है। नगर वासियों से पुनः अनुरोध है कि बहुत ही कम दरों में उपलब्ध हथकरघा एवं हैण्डीकाफ्ट्स के उत्पादों अधिक से अधिक संख्या में आकर खरीदें एवं गरीब किन्तु आत्म-विश्वास से भरे हथकरघा बुनकरों एवं शिल्पियों का मान बढा कर देश के विकास में भागीदार बने।

## प्रदेश महामंत्री श्री रमाकान्त पाण्डेय के विदाई का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता





**कानपुर।** पंजाब नेशनल बैंक की 39 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस यादगार अवसर पर उनका शानदार स्वागत होटल मंदाकिनी साकेत नगर में किया गया जिसमें गण मान्य व्यक्तियो में माननीय विधायक श्री महेश त्रिवेदी जी आल इंडिया पंजाब नॅशनल बैंक वर्कर्स आर्गेनाईजेशन के महामंत्री श्री मनमोहन गुप्ता दिल्ली से, तथा अध्यक्ष श्री सुनील सिंह भोपाल से, पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल प्रमुख श्री प्रेम चंद्र चौधरी जी, तथा अन्य बैंक के साथी, मित्र गण, महिला साथी एवम सेवानिवृत्त साथियों ने शिरकत की तथा श्री पाण्डेय जी के बैंक के अलावा बैंकिंग क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए किया गए संघर्ष की सराहना की। श्री रमाकान्त पाण्डेय जी ने बताया कि बैंक में जॉइन करने के बाद उन्होंने ने कर्मचारियों के अधिकारों की रछा के लिए संगठन सक्रिय भूमिका निभाई तथा ए आई बी ई ए संगठन में बिभिन्न पदों पर कार्यकर्ते हुए युवा साथियों का युवा मोर्चा बनाया तथा वर्तमान में एन ओ बी डब्लू ओ के आखिल भारतीय सदस्य, पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स आर्गेनाईजेशन के रास्ट्रीय उपाध्यक्ष, एवम प्रदेश महा मंत्री साथ में उत्तर प्रदेश बैंक वर्कर्स **आर्गेनाईजेशन के संगठन मंत्री भी हैं।**

श्री सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि परिवार की बिपरित परिस्थितियों के वावजूद पाण्डेय जी हमेशा संगठन एवम इस्ट मित्रों के दुखों में हमेशा साथ खड़े रहते है, तन मन धन से दिय गए उनके इस स्वभाव को लोग हमेशा याद रखेंगे माननीय विधायक श्री महेश त्रिवेदी जी, श्री मन मोहन गुप्ता जीश्री सुनील सिंह जी ने श्री रमाकान्त पाण्डेय के बैंक में व उसके बाहर बैंकिंग क्षेत्र में दिये गये योगदान की सराहना की तथा सेवा निवृत्त के पश्चात स्वस्थ जीवन, दीर्घायु व परिवारिक कुशलता के लिए शुभकामनाएं दी अन्य वक्ता श्री बी के मिश्र, संजय त्रिवेदी, रजनीश गुप्ता, पी के राय, अनिल सोनकर, के सी मिश्रा, अनिल मिश्रा, के के शुक्ला, एल सी राजन, अरविंद यादव, एस के गुप्ता, अनिल गुप्ता, आर के चौरसिया, जी पी शुक्ला, शैलेन्द्र सैनी, अर्जुन शुकला आदि थे।

## शुगर सिंभावली मील पर किसानों का पेमेंट करोड़ों का बकाया

### पेमेंट के नाम पर किसानों को देते हैं सिर्फ,दिलसे पर दिलासे

शकुन टाइम्स संवाददाता




**हापुड़।** शुगर सिंभावली गन्ना फैक्ट्री किसानों का करोड़ का पेमेंट बकाया, मगर पेमेंट के नाम पर अधिकारी हो या कर्मचारी देते हैं किसानों को सिर्फ जुमले पर जुमले, जो ज्यादा समय नहीं चल पाते, क्षेत्र के किसान यूनियन लगातार करती रहती हैं धन्य प्रदर्शन मकर नहीं पड़ता सिंभावली मील के सिस्टम पर या अधिकारियों पर किसी बात का कोई फर्क, योगी जी के राज्य में शुगर सिंभावली गन्ना फैक्ट्री पेमेंट के नाम पर देती है।

सिर्फ सभी को समय बिताने के लिए दिलासे, देखा जाए तो किसानों के सभी तीज और त्योहार पेमेंट की आस में पूरे हो गए रह गए फीके, मगर सुगर गन्ना फैक्ट्री पर कोई फर्क नहीं, अगर किसान यूनियन आवाज़ उठाती हैं तो दिलासा दिया जाता है बहुत जल्द पेमेंट हो जाएगा, मगर उसके उपरांत थी रह जाते हैं सिर्फ जुमले, आखिर किस कर तो क्या करें, दिन-रात किसान मेहनत करता है ताकि समय पर उसे ?2 मिले और अपने कार्य को पूरा करें, मगर सिंभावली शुगर मील को किसी से कोई मतलब नहीं जो हालात नज़र आ रहे हैं। अब अगर बात की जाए शुगर फैक्ट्री के सिस्टम की तो उठाते हैं सवाल मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों पर जो किसानों को पेमेंट के नाम पर दे देते हैं आदेश मगर वही आदेश बन जाते हैं जुमले, आखिर कब टूटेगी अधिकारियों के नींद किसानों के पेमेंट के लिए बड़ा सवाल, किसानों की मेहनत शुगर फैक्ट्री के कर्मचारियों के सामने कोई मायने नहीं रखती जो हालात चल रहे हैं, अब देखना यह होगा कि शुगर फैक्ट्री के कर्मचारियों की नींद पेमेंट के लिए कब तक टूटती है या दिलासे देकर ही शुगर फैक्ट्री किसानों को करती रहेगी संतुष्ट बड़ा सवाल।

## बिजली दरों में बढ़ोतरी जनता के साथ छलावा : आप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सर्दी के मौसम में बिजली दरों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि की संभावना, उत्तर प्रदेश के आम नागरिकों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकती है। बिजली कंपनियों ने विद्युत नियामक आयोग को दरों में इजाफे का प्रस्ताव भेजा है ।आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने इस प्रस्ताव पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लोगों के लिए अत्यधिक बोझ होगा। ष्यह बिजली दरों में बढ़ोतरी, प्रदेश की जनता के साथ एक छलावा है। पहले ही लोगों को महंगाई, बेरोजगारी और अन्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, ऐसे में बिजली की कीमतों में इस प्रकार की बढ़ोतरी, आम आदमी की कठिनाईयों को और बढ़ा देगी ।ष्वंशराज दुबे ने आगे कहा, ष्सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि बिजली कंपनियों को 13,000 करोड़ रुपए का घाटा कहाँ से हुआ और इसका समाधान क्यों जनता को भुगतने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## आर एस एम स्कूल प्रबंधन ने किया सभी का आभार व्यक्त

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत लगने वाले आर एस एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैं हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता समापन मैं पहुंचे सभी अतिथियों का किया स्कूल प्रबंधक नीटू उर्फ संदीप सिंह सिन्धु ने किया सभी का आभार व्यक्त, स्कूल प्रबंधक संदीप सिंह ने बताया कि विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता समापन आए विद्यालय में सभी अतिथियों एवं पत्रकार बंधुओं का मैं आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया एवं शिक्षा और खेलकूद के विषय में बहुत कुछ बातें बताई, जहां पर विद्यालय में आए गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने भी कई बातों के द्वारा नए रास्ते विद्यालय को बच्चों को दिखाएं, तो कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथि और पैरेंट्स ने भी जो बच्चों के कार्यक्रम में बच्चों का हौसला उपजाई किया वह काबिले तारीफ रहा, मैं सभी बच्चों के पेरेंट्स से कहना चाहता हूं कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी वह वक्त दें, ताकि बच्चे खुलकर खेलकूद करें और अभिभावकों सहित विद्यालय एवं सभी का नाम रोशन करें, उन्होंने बताया कि विद्यालय के बच्चों ने जो खेलकूद प्रतियोगिता की थी वह उन्हें काफी आगे तक ले जाएगी क्योंकि बच्चों को जो खेलकूद में आगे भी इसी तरह है हम सभी का सपोर्ट मिलता रहेगा, वही विद्यालय की प्रिंसिपल ग्रीष्मा कपूर व उप प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा गेम के दौरान लगातार बच्चों का हौसला अफजाई करते रहे।

तथा विद्यालय विज्ञान हेड नासिर अली, कोऑर्डिनेटर सतवीर सिंह,निशु शर्मा, नमित सिंह, सचिन यादव, जगपाल सिंह, अतुल कुमार, अजय त्यागी, निधि त्यागी, सीमा मलिक, दीप्ति चीमा, प्रीती त्यागी सभी का मैं कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

## पशुधन मंत्री ने किया 18 नवीन वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का लोकार्पण,15 का शिलान्यास

# निराश्रित गोवंश का संरक्षण राज्य सरकार की प्राथमिकता-धर्मपाल

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु 11 जनपदों के 18 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण तथा 7 जनपदों के 15 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का शिलान्यास किया। प्रदेश के जनपद आगरा, ललितपुर, हरदोई में दो-दो, अमरोहा, महोबा में तीन-तीन तथा अमेठी, जालौन, एटा,सुल्तानपुर, जौनपुर तथा बरेली में एक-एक वृहद गो संरक्षण केंद्रो का शत प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो चुका है। इन केंद्रों के निर्माण में राज्य सरकार द्वारा प्रति केंद्र 160.12 लाख रूपये धनराशि व्यय की गई है। इसके अतिरिक्त आगरा में 04, हापुड़ में 03, हरदोई, मिर्जापुर में दो-दो, पीलीभीत, बाराबंकी तथा शाहजहाँपुर में एक-एक वृहद गो संरक्षण केन्द्र का शिलान्यास भी वर्चुअली किया गया। 33 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण लागत 5283.96 लाख है। प्रति केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है। पशुधन मंत्री ने क्षेत्रीय विधायकों, ग्रामप्रधानों, जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंश संरक्षण के कार्यों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए, केन्दों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। ठंड के दृष्टिगत ठंड से बचाव की व्यवस्था की जाये। गोशालाओं में गाय भूखी न रहे, चारा, भूसा, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। राज्य सरकार निराश्रित गोवंशों के कारण किसानों की फसलों को नुकसान से बचाने तथा मार्ग दुर्घटनाओं के कारण होने वाली जनहानि को रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश में 7,643 गो आश्रय स्थलों की स्थापना की जा चुकी है, जिसमें कुल 12,14,972 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन निरंतर किया जा रहा है। पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है और इस दिशा में विभाग द्वारा निरन्तर सार्थक एवं सराहनीय कार्य किया जा रहा है। पशुधन के स्वास्थ्य एवं उत्पादकता के दृष्टिगत टीकाकरण कार्य नियमित रूप से सम्पादित किया जा रहा है और विभाग की सभी योजनाओं का लाभ किसानों और पशुपालकों को दिया जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान पर जोर दिया जाये। विभाग की योजनाओं का लाभ किसानों और पशुपालकों तक समय से पहुचायें और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराये ।कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास के रविन्द्र नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व और पशुधन विकास मंत्री के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा निराश्रित गोवंश का गो आश्रय स्थलों में निरंतर संरक्षण किया जा रहा है। पशुपालन विभाग ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा गृह विभाग के समन्वय से अवशेष निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु 07 दिसंबर से 14 दिसंबर तक विशेष अभियान चलायेगा। कार्यक्रम में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पांडे, पशुपालन विभाग के अपर निदेशक डॉ जयकेश पाण्डे तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

## अडानी को जांच से बचाने का मोदी सरकार का निराशोन्मत्त प्रयास

अमेरिकी अधिकारियों द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोपों के बाद अडानी समूह और भारत सरकार द्वारा किये गये बचाव ने भारत में कॉरपोरेट हितों और राजनीतिक शक्ति के बीच परस्पर सम्बंधों के बारे में गंभीर सवाल खड़े किये हैं। जहां एक ओर अमेरिकी जांच ने भ्रष्टाचार सहित गंभीर वित्तीय अपराधों को उजागर किया,वहीं अडानी समूह और भारत सरकार दोनों ने कंपनी का बचाव करने के लिए एक संयुक्त मोर्चा पेश किया और कहा कि आरोपों को केवल तकनीकी रूप से तैयार किया गया है और कम्पनी का नेतृत्व किसी भी कदाचार में शामिल नहीं है। लेकिन बचाव को मोदी सरकार की ओर से कॉरपोरेट हितों को बचाने के लिए एक रणनीतिक चाल के रूप में ही देखा जा सकता है। अमेरिकी आरोप, जो संभावित धोखाधड़ी गतिविधियों, स्टॉक मूल्य हेरफेर और अपतटीय संस्थाओं से संबंधों की ओर इशारा करते हैं, न केवल कंपनी के संचालन के लिए बल्कि भारत के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके व्यापक प्रभाव के रूप में एक गंभीर खतरा पेश करते हैं। अमेरिकी जांचकर्ताओं ने अडानी समूह के लेन-देन में गहराई से जांच की है, जिसमें अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिसका अंतरराष्ट्रीय व्यापार और घरेलू निवेश विश्वास दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। स्थिति की गंभीरता के बावजूद, अडानी समूह और भारत सरकार की प्रतिक्रिया दृढ़ रही है। अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले समूह ने कहा है कि उसके खिलाफआरोप निराधार हैं, उन्हें गलतफहमी या सबसे खराब स्थिति में, अनुपालन में तकनीकी त्रुटियों के अलावा कुछ नहीं बताया जा सकता। भारत सरकार की ओर से अडानी समूह के बचाव को मजबूत राजनीतिक समर्थन मिला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ताओं ने दावा किया है कि यह निजी संस्थाओं से जुड़ा एक विशुद्ध रूप से कानूनी मामला है, और इसलिए, सरकार से चल रही कानूनी कार्रवाई में हस्तक्षेप करने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, इस बयानबाजी ने अंतर्निहित प्रेरणाओं के बारे में संदेह को कम करने में बहुत कम मदद की है। मामले को वित्तीय कदाचार के गंभीर मामले के बजाय कानूनी तकनीकी मुद्दों के रूप में पेश करके, अडानी समूह और भारत सरकार दोनों ही रणनीतिक रूप से आरोपों की मूल प्रकृति से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रतिक्रिया उल्लेखनीय रूप से एक समान रही है, भारत में प्रमुख राजनीतिक हस्तियों और यहां तक कि मीडिया आउटलेट्स ने अडानी समूह के पक्ष में दलीलें दीं तथा इसे वित्तीय घोटाले में उलझी कंपनी के बजाय विदेशी हस्तक्षेप का शिकार बताया।

इस बचाव के व्यापक निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह इस बात पर सवाल उठाता है कि भारत में कॉर्पोरेट प्रभाव किस हद तक सरकारी कार्रवाई से जुड़ा है। ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और रसद में अपने विशाल व्यावसायिक हितों के साथ अडानी समूह भारत की सबसे प्रभावशाली कॉर्पोरेट संस्थाओं में से एक है। इसका उदय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के आर्थिक विकास के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। पिछले दशक में अडानी समूह की धूमकेतु की तरह वृद्धि को अक्सर देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की इसकी आकांक्षाओं के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इस प्रकार, समूह का बचाव केवल एक कॉर्पोरेट मुद्दा नहीं है - इसे राष्ट्रीय हित का मामला बना दिया गया है। अगर भ्रष्टाचार के इन आरोपों को दबा दिया जाता है या महज तकनीकी बातों के तौर पर खारिज कर दिया जाता है, तो इससे पारदर्शिता और नैतिक व्यावसायिक गतिविधियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में विश्वास कम होने का जोखिम है। अडानी समूह के राजनीतिक हस्तियों के साथ घनिष्ठ संबंध अच्छी तरह से उजागर हैं। कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या इन संबंधों ने समूह को नियामक जांच की पूरी सीमा से बचाने में मदद की है। इसलिए, समूह का बचाव करने में सरकार की भूमिका ने राजनीतिक अभिजात वर्ग की संभावित मिलीभगत के बारे में चिंता जताई है, जो जवाबदेही पर कॉर्पोरेट सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली प्रणाली को बढ़ावा दे रहा है। अडानी समूह और भारत सरकार दोनों द्वारा निर्मित कथा एक निर्दोष पक्ष के रूप में सावधानीपूर्वक तैयार किये गये चित्रण पर टिकी हुई है, इस आरोप के साथ कि इसे विदेशी शक्तियों द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। यह बयानबाजी एक व्यापक राष्ट्रवादी कथा की प्रतिध्वनि है जो घरेलू निगमों, विशेष रूप से सरकार के साथ निकटता रखने वालों को अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप के शिकार के रूप में पेश करती है। आरोपों को भारत की संप्रभुता और इसकी आर्थिक उपलब्धियों पर हमले के रूप में पेश करके, सरकार ने आलोचना को कुशलतापूर्वक टाल दिया है, और खुद को विदेशी आलोचकों के खिलाफराष्ट्रीय गौरव के रक्षक के रूप में पेश किया है। हालांकि,यह राष्ट्रवादी रूपरेखा अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे से ध्यान हटाती है कि क्या अडानी समूह ने विकास और मुनाफे की तलाश में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय कानूनों और नैतिक मानदंडों का उल्लंघन किया है? यदि अमेरिकी अधिकारी अपनी जांच को आगे बढ़ाते रहते हैं, तो इससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव पैदा हो सकता है। अडानी समूह का निरंतर बचाव, खासकर अगर आरोप सही साबित होते हैं, तो राजनयिक संबंधों में तनाव पैदा हो सकता है। भारत सरकार खुद को एक मुश्किल स्थिति में पा सकती है, जिसे गहरे राजनीतिक संबंधों वाली एक शक्तिशाली कॉर्पोरेट इकाई का समर्थन करने या वित्तीय जवाबदेही के अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ खुद को संरेखित करने के बीच चयन करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। कई मायनों में, अडानी का मामला इस बात का उदाहरण है कि कैसे शक्तिशाली निगमों और राजनीतिक अभिजात वर्ग के हित एक दूसरे से इस तरह से जुड़े हुए हैं।

# संसद को ठप्प कौन कर रहा है

> **आखिर, संसद को ठप्प कर कौन रहा है? इस सवाल के निश्चित उत्तर के लिए हम कानून के एक लोकप्रिय सिद्धांत या धारणा का सहारा ले सकते हैं। यह सिद्धांत यह कहता है कि अपराधी का पता लगाने का आसान तरीका है, इसका पता लगाना कि संबंधित अपराध से लाभ किसका होगा? संसद के ठप्प होने से किस का लाभ हो रहा है? इस सवाल का एक ही जवाब हो सकता हैकृइसमें सरकार का ही फायदा है? क्यों? क्योंकि सारे शोर-शराबे के बीच भी, सरकार न सिर्फसामान्य सरकारी काम-काज पूरा कर लेती है बल्कि उसने बिना चर्चा के ही विधेयकों पर संसद से मोहर लगवाने को, नया नॉर्मल ही बना दिया है। जब संसद में किसी वास्तविक बहस के बिना ही सरकार का काम हो रहा हो, तो बहस-मुबाहिसे के अर्थ में संसद चलवाने में सरकार की दिलचस्पी क्यों होगी।**

क्या संसद का शीतकालीन सत्र उसी रास्ते जा रहा है, जिस रास्ते पिछले कई सत्र गए हैं। कुल तीन हफ्तों के सत्र में पहले हफ्ते संसद के लगातार ठप्प होने के बाद, दूसरे हफ्ते की भी शुरूआत उसके ठप्प रहने का सिलसिला जारी रहने से हो गयी है। संसद के इस तरह ठप्प होने में एक खास बात है, जिसकी संसद के ठप्प होने पर आम तौर पर सत्तापक्ष से लेकर मुख्यधारा के मीडिया तक द्वारा जतायी जाने वाली चिंताओं में, शायद ही कभी चर्चा की जाती है। यह खास बात यह है कि संसद के ठप्प होने से सरकारी काम-काज बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होता है, बिल्कुल नहीं रुकता है। इसे एक छोटे से उदाहरण से समझा जा सकता है। वक्फ संशोधन विधेयक को संसद के पिछले सत्र में भारी विरोध के बाद, संयुक्त संसदीय समिति को विचार के लिए भेजे जाने के बाद से, संयुक्त संसदीय समिति में दूर-दूर तक कोई सर्वसम्मति नहीं बन पाई थी। इसके लिए सबसे ज्यादा भाजपा और उसके सहयोगी जिम्मेदार थे, जिनके आचरण से यह साफहो गया था कि प्रस्ताव भले ही अभी कानून में संशोधन का ही हो, संघ-भाजपा की नीयत वक्फबोर्ड को खत्म करने की ही है। इसे तब और भी साफकर दिया गया, जब महाराष्ट्र के विधानसभाई चुनाव में जीत की शाम को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में अपने संबोधन में खुद प्रधानमंत्री ने वक्फबोर्ड को, आंबेडकर के संविधान के खिलाफकरार दे दिया। फिर भी जैसाकि मोदी-पूर्व के दौर में हुआ करता था, जब बहुपक्षीय विचार-छानबीन के मंच के रूप में संसदीय समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका हुआ करती थी और संयुक्त संसदीय समितियों के काम को बहुत गंभीरता से लिया जाता था, सर्वसम्मति के करीब नजर न आने को देखते हुए, उक्त संयुक्त संसदीय समिति को अपने काम के लिए और समय दिए जाने का सुझाव आया था। इसके पीछे सोच यह थी कि और विचार-विमर्श तथा अध्ययन के जरिए, मतभेदों को कम कर के, सर्वसम्मति के ज्यादा नजदीक पहुंचा जा सकेगा। लेकिन, प्रधानमंत्री के उक्त भाषण से सत्ताधारी भाजपा की दिशा साफहो गयी और वक्फ संशोधन विधेयक को शीतकालीन सत्र की कार्यसूची में प्रमुखता से रख दिया गया। इसके बाद भी, चूंकि इस मामले में भाजपा के लिए अपनी मर्जी चलाना आसान नहीं था और विपक्ष के एकजुट विरोध के अलावा इस मामले में उसके सामने जनता दल यूनाइटेड तथा तेलुगू देशम्ड्ढ जैसे अपने सहयोगी दलों को साधने की भी चुनौती थी, जो भाजपा की तरह सीधे-सीधे मुस्लिमविरोध की कतारों में खड़े नहीं होना चाहते हैं, उसे शीतकालीन सत्र में सरकारी कामकाज की प्राथमिकताओं में थोड़ा पीछे खिसकाना पड़ा। इसके बावजूद, भाजपा ने संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश किए जाने के लिए, शीत सत्र के आखिर तक का विस्तार ही स्वीकार किया है। अंततरू उसे अपने मंसूबों में कामयाबी मिले या नहीं मिले, पर फिलहाल भाजपा इसकी कोशिश करने जा रही है कि संबंधित रिपोर्ट इसी सत्र के अंत तक संसद में पेश कर दी जाए, जिससे भाजपा इस मामले में अपना एजेंडा आगे बढ़ा सके। इस मुद्दे को जोर-शोर से आगे बढ़ाए जाने की एक वजह यह भी हो सकता है कि संघ-भाजपा के मोदी राज को इसका एहसास हो गया हो कि उत्तराखंड जैसे इक्का-दुक्का राज्यों में उसकी सरकारों के तथाकथित समान नागरिक कानून या संहिता को आगे बढ़ाने के बावजूद, देश के पैमाने पर ऐसा कानून बनाना इसके बावजूद आसान नहीं होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी चतुराई से इसे समान नागरिक कानून की जगह, सेकुलर नागरिक कानून कहना शुरू कर दिया है। ऐसे में देश के पैमाने पर अपने मुस्लिमविरोधी एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए, वक्फकानून उनके लिए एक उपयोगी साधन हो सकता है। बहरहाल, हम संसद के ठप्प होने और किए जाने के मसले पर लौटें।



आखिर, संसद को ठप्प कर कौन रहा है? इस सवाल के निश्चित उत्तर के लिए हम कानून के एक लोकप्रिय सिद्धांत या धारणा का सहारा ले सकते हैं। यह सिद्धांत यह कहता है कि अपराधी का पता लगाने का आसान तरीका है, इसका पता लगाना कि संबंधित अपराध से लाभ किसका होगा? संसद के ठप्प होने से किस का लाभ हो रहा है? इस सवाल का एक ही जवाब हो सकता हैकृइसमें सरकार का ही फायदा है? क्यों? क्योंकि सारे शोर-शराबे के बीच भी, सरकार न सिर्फसामान्य सरकारी काम-काज पूरा कर लेती है बल्कि उसने बिना चर्चा के ही विधेयकों पर संसद से मोहर लगवाने को, नया नॉर्मल ही बना दिया है। जब संसद में किसी वास्तविक बहस के बिना ही सरकार का काम हो रहा हो, तो बहस-मुबाहिसे के अर्थ में संसद चलवाने में सरकार की दिलचस्पी क्यों होगी? यह कोई संयोग ही नहीं है कि नरेंद्र मोदी के राज में पिछली संसद ने बदनामी के कहे जा सकने वाले एक नहीं कई-कई रिकार्ड बनाए थे। इनमें तीन रिकार्ड सबसे खास थे। सबसे ज्यादा, करीब डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों को एक साथ संसद के दोनों सदनों से निलंबित किए जाने का रिकार्ड। लोकसभा के एक पूर्ण कार्यकाल में सबसे कम बैठकों का रिकार्ड। बिना किसी वास्तविक चर्चा के विधेयक पारित कराए जाने और विधेयकों पर चर्चा में औसतन सबसे कम समय लगाए जाने का रिकार्ड। वास्तव में यह संसदीय व्यवस्था के साथ सलूक की नरेंद्र मोदी की आम शैली ही है। गुजरात में अपने शासन के 13 साल में मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने आम तौर पर यह सुनिश्चित किया था। कि विपक्ष को विधानसभा में चर्चा के जरिए सरकार को जवाबदेह बनाने का कोई मौका ही नहीं मिले और खासतौर पर विधानसभा की बैठकों की संख्या कम से कम रहे। उसी गुजरात मॉडल को अब संसद के स्तर पर लागू किया जा रहा है। पूछा जा सकता है कि लेकिन, संसद को क्या विपक्ष ही ठप्प नहीं कर रहा है?ड्ड क्या विपक्ष ही नहीं है जो दोनों सदनों के सभापतियों के मना करने के बावजूद, अडानी घोटाले,वास्तव में रिश्वतखोरीकृसे लेकर महंगाई, मणिपुर आदि तक, मुद्दों पर बहस कराने को लेकर अड़ा हुआ नहीं है? क्या विपक्ष ही, सभापति के आसन के आदेशों की अवहेलना कर, अपनी बात मनवाने के लिए शोर-शराबे का सहारा नहीं ले रहा है? फिर संसद के ठप्प होने के लिए सत्ता पक्ष कैसे जिम्मेदार है? हैरानी की बात नहीं है कि संसद के सत्र से ऐन पहले के अपने परंपरागत वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष को गैर-जिम्मेदार साबित करने की कोशिश करते हुए, उस पर हमला ही बोल दिया था। यह सत्ता पक्ष के लिए और जाहिर है कि दोनों सदनों के आसनों के लिए भी, इसका इशारा था कि इस सत्र में भी विपक्ष नहीं सुनी जानी चाहिए।

# जनसंख्या का गणित


देश में विभिन्न दलों के राजनेता और धार्मिक नेता अपने तात्कालिक हितों की पूर्ति हेतु अपने लक्षित समूहों की आबादी बढ़ाने की जरूरत बताते रहे हैं। आबादी के बोझ से चरमराती नागरिक सेवाओं और सीमित संसाधनों के बीच आबादी बढ़ाने का आह्वान करना तार्किक दृष्टि से गले नहीं उतरता। लेकिन इसके बावजूद धार्मिक व सांप्रदायिक समूह के अगुआ आबादी बढ़ाने का आह्वान करते नजर आते हैं। इस विवादास्पद मुद्दे की हालिया चर्चा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के कारण फिर सुर्खियों में है। उनका कहना है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर उकेरते हुए कहा है कि जिस समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाएगी, कालांतर उस समाज को एक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उनकी दलील है कि बहुसंख्यक समाज को हम दो, हमारे तीन के समाधान पर अमल करना चाहिए। यानी प्रत्येक जोड़े को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने एक समुदाय विशेष को इंगित करते हुए चिंता जतायी थी कि अधिक आबादी वाला समुदाय जनसंख्या संतुलन के लिये चुनौती पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस विवादास्पद भाषण के कुछ सप्ताह के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के निष्कर्ष में इस बात को लेकर चिंता जतायी गई थी कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक समाज की आबादी में 7.82 फीसदी की कमी आई है। वहीं देश के मुख्य अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी में 43 फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, इन्हीं आंकड़ों के जरिये भविष्य में बहुसंख्यक समाज के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के रूप में पेश किया जाता है। दरअसल, राजनीतिक नेतृत्व व धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा अपनी सुविधा की जनसंख्या नीति को लेकर जो दलीलें दी जा रही हैं, वे एक अर्थशास्त्री द्वारा लक्षित जनसंख्या की संकल्पना दृष्टि के मद्देनजर विरोधाभासी कही जा सकती हैं।

वहीं दूसरी ओर देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने में छोटे परिवार मददगार साबित हो सकते हैं। निश्चित रूप से जनसंख्या से जुड़ी विरोधाभासी दलीलों की तार्किकता तलाश पाना एक कठिन कार्य रहा है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि देश में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के प्रयोग में वृद्धि के कारण प्रजनन दर में काफी गिरावट आई है। वहीं ऐसे ही तात्कालिक कारणों तथा राजनीतिक लक्ष्यों ने आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार को दो संतानों की नीति को खत्म करने के लिये प्रेरित किया है। ऐसी ही जनसंख्या नीति में बदलाव के लिये तमिलनाडु सरकार की तरफसे विरोधाभासी बयान विगत में सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बने हैं। ऐसे हालात में विभिन्न राज्यों में सरकारों को चाहिए कि वे जनसंख्या नीति पर बयानबाजी करने से पहले उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन करें। वे विचार करें कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन की चुनौती के बीच क्या वे अतिरिक्त जनसंख्या के बोझ को संभाल पाने में सक्षम हो सकते हैं? निस्संदेह, राजनीतिक और धार्मिक लक्ष्यों के लिये संख्या का खेल खेलने वाले नेताओं को सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना भले ही सफलता का शार्टकट लगता हो, लेकिन उन्हें भारत की दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिये ऐसे प्रयासों के निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जाहिर बात है कि देश की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या का घनत्व पहले ही काफी असंतुलित है। यदि फिर भी जनसंख्या वृद्धि की होड़ संकीर्ण स्वार्थों के लिये की जाती है तो उसके दूरगामी घातक प्रभाव सामने आ सकते हैं। हमारी प्राथमिकता हर हाथ को काम देने तथा सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग होनी चाहिए। यदि ऐसे हालात में आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि होती है तो कालांतर जनसंख्या के दबाव से चरमराती नागरिक सेवाओं के ध्वस्त होने की आशंका बलवती हो जाएगी।

# जनसंख्या पर भाजपायी विमर्श को बढ़ाते भागवत

> **बहुत सम्भव है कि केन्द्र सरकार भागवत के बयान के अनुकूल कोई ऐसी जनसंख्या नीति लेकर आये जिससे हिन्दुओं की आबादी को बढ़ाया जा सके। संघ और भाजपा जनसंख्या सम्बन्धी वास्तविक तथ्यों व आंकड़ों को दरकिनार कर यह प्रचारित करती आई है कि देश में हिन्दुओं की आबादी घट रही है और मुस्लिमों की बढ़ रही है। देश में इस्लामोफोबिया बढ़ाने के लिये जनसंख्या को गलत तरीके से पेश करना संघ-भाजपा की पुरानी नीति है। अनेक महत्वपूर्ण मौकों पर भागवत हों या इन दो संगठनों से जुड़े लोग, इसका डर दिखाते रहे हैं। नागपुर में एक संगठन के सम्मेलन में दिये भाषण में भागवत ने कहा कि-2.1 की कम प्रजनन दर वाला समाज अपने आप नष्ट हो जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे कम जनसंख्या वाला समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट न हो।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने की गुजारिश की है और उसे जनसंख्या विज्ञान के 2.1 के फार्मूले से जोड़कर चाहे सियासी अर्थों को छिपाने की कोशिश की हो, लेकिन सच्चाई यह है कि इस बयान के पीछे उनके संगठन के वे ही पुराने गहन राजनैतिक मकसद मौजूद हैं जिसके लिये वह जानी जाती है- ध्रुवीकरण। उनका बयान ऊपरी खुले तौर पर चाहे संघ की राजनीतिक विंग भारतीय जनता पार्टी द्वारा अब तक की सोच के विपरीत दिखाई देता हो, जो देश के सामने अक्सर बढ़ती आबादी को लेकर चिंता जताती आई है, परन्तु भागवत के बयान को भाजपा के लिये एक दिशानिर्देश की तरह भी देखा जा रहा है। बहुत सम्भव है कि केन्द्र सरकार भागवत के बयान के अनुकूल कोई ऐसी जनसंख्या नीति लेकर आये जिससे हिन्दुओं की आबादी को बढ़ाया जा सके। संघ और भाजपा जनसंख्या सम्बन्धी वास्तविक तथ्यों व आंकड़ों को दरकिनार कर यह प्रचारित करती आई है कि देश में हिन्दुओं की आबादी घट रही है और मुस्लिमों की बढ़ रही है। देश में इस्लामोफोबिया बढ़ाने के लिये जनसंख्या को गलत तरीके से पेश करना संघ-भाजपा की पुरानी नीति है। अनेक महत्वपूर्ण मौकों पर भागवत हों या इन दो संगठनों से जुड़े लोग, इसका डर दिखाते रहे हैं। नागपुर में एक संगठन के सम्मेलन में दिये भाषण में भागवत ने कहा कि-2.1 की कम प्रजनन दर वाला समाज अपने आप नष्ट हो जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे कम जनसंख्या वाला समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट न हो। बिना संकट के भी ऐसे समाज के नष्ट होने की



बात उन्होंने सम्भवतरू इसलिये कही होगी ताकि लोग इस बात को तार्किक व वैज्ञानिक आधारों वाला कोई निष्कर्ष समझें और उन पर यह तोहमत न लगे कि वे लोगों को डरा रहे हैं या हिन्दू-मुस्लिम कर रहे हैं। उन्होंने कई भाषाओं और समाज के नष्ट होने की बात करते हुए लोगों को चेताया कि प्रजनन दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिये। इस वृद्धि दर को बनाये रखने के लिये लोगों को दो से ज्यादा (यानी तीन) बच्चे पैदा करने चाहिये। उन्होंने याद दिलाया कि देश में 1998 और 2002 में जो जनसंख्या सम्बन्धी नीतियां तय की गयी थीं उनमें भी 2.1 की दर को बनाये रखने की बात कही गयी थी। हालांकि उन्होंने अमूमन कम याददाश्त वाली जनता के सामने स्पष्ट नहीं किया कि ये दोनों नीतियां भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस शासित कार्यकाल में लाई गयी थीं। चूंकि उनमें अनेक ऐसे राजनीतिक दलों का समावेश था जो इस मामले में दूसरी राय रखते थे, यह नीति कभी भी प्रभावशाली ढंग से लागू नहीं हो पाई थी। अटल बिहारी वाजपेयी वाली यह सरकार 2004 में जाती रही तथा उसके बाद आई यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार (पीएम डॉ. मनमोहन सिंह- दो कार्यकाल) ने इस अनर्गल विषय को तूल देने या बढ़ती आबादी को लेकर रोना-धोना करने की बजाय अधिकतम आबादी को काम देने की नीति पर कार्य किया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने भी इस पर कोई काम करने की बजाय सियासी मुद्दा बनाकर समाज के भीतर उसे जिन्दा रखा। अपने पहले कार्यकाल (2014-19) के दौरान मोदी आबादी को लेकर एक सकारात्मक रवैया अख्तियार करते नजर आये। उन्होंने अधिक जनसंख्या को, खासकर युवाओं की बहुलता के कारण भारत के लिये एक सौगात बताया। यह एक तरह से चीन की तरह की रणनीति अपनाने जैसा था जिसने बड़ी आबादी को अपनी ताकत बना दिया है। चूंकि पहले-पहल के मोदी भारत को चीन और अमेरिका के मुकाबले में लाने के दावे करते रहे, इसलिये कुछ समय तक तो उनकी पार्टी ने भी देश की आबादी बढ़ने का दुखड़ा सुनाना बन्द कर दिया जो इसका ठीकरा अक्सर मुस्लिम समुदाय पर फोड़ते थे। यह कारगर साबित इसलिये नहीं हुआ क्योंकि भाजपा और संघ के लोग हमेशा से जो बात सुनते आये थे और जिस पर भरोसा करते रहे, मोदी उसके विपरीत बोल रहे थे। साथ ही, जैसे-जैसे मोदी की नीतियां दगा देने लगीं, मोदी, भाजपा और संघ को अल्पसंख्यकों के विरूद्ध बहुसंख्यकों की लामबन्दी की जरूरत अधिक पड़ने लगी। दशक भर से कब्रिस्तान बनाम श्मशान, 80 व 20, कपड़ों से पहचान, बंटेंगे तो कटेंगे, एक हैं तो सेफ हैं जैसे नारे भाजपा के ध्रुवीकरण की नीति के उच्चार हैं। सवाल तो यह है कि अब संघप्रमुख ही जब हिन्दू समाज को कई बच्चे वाले बनाने पर तुले हैं तो मोदी के उस बयान का क्या होगा जो यह कहकर लोगों को डराते आये हैं कि श्यदि कांग्रेस आई तो महिलाओं के मंगलसूत्र, सोना और भैंसें छीनकर कई-कई बच्चे वालों को दे दी जायेंगीं? दरअसल भागवत के जनसंख्या सम्बन्धी बयान को संघ-भाजपा के उसी विमर्श को आगे बढ़ाने की नीति एवं प्रयासों की श्रृंखला की एक कड़ी के रूप में देखा जाना चाहिये। वे जब एक समाज के नष्ट होने की बात करते हैं तो वह समस्त भारतीय समाज की नहीं वरन केवल बहुसंख्यक समाज की बात कर रहे हैं।

## मांडविया ने ध्यानचंद को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद को उनकी 45वीं पुण्यतिथि पर नमन किया। श्री मांडविया ने आज यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद्र की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, दुनिया के महानतम हॉकी खिलाड़ी, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन। दुनिया में वह हॉकी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। अपने अद्वितीय खेल कौशल से उन्होंने भारत का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया। उन्होंने इसके साथ ही मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए फोटो भी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। उल्लेखनीय है कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को तथा तीन दिसंबर 1979 को उनका निधन हुआ था। मेजर ध्यानचंद ने 185 खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 400 से अधिक गोल किए। यह रिकॉर्ड अभी तक कायम है।

# बुमराह एंड कंपनी का सामना करने के लिए तैयार हैं ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज: एलेक्स कैरी

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम एकजुट है और उन्हें विश्वास है कि छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि क्रिकेट मैच में उनके बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले भारतीय आक्रमण का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरेंगे। बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर भारत की 295 रन से बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज इस मैच में नहीं चल पाए थे जिससे गेंदबाजों पर भी दबाव बढ़ा। कैरी ने यहां पत्रकारों से कहा,वह (बुमराह) निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारे बल्लेबाज भी विश्वस्तरीय हैं और हमेशा समाधान निकालने के तरीके ढूंढते हैं।'' उन्होंने कहा,''हमने उसकी गेंदबाजी का आकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने जवाबी हमला किया था। कैरी ने कहा,''हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका ढूंढ लेंगे। भारत पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरा था और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।'' ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रन का असंभव लक्ष्य मिलने के बाद जोश हेज़लवुड ने मीडिया को अपने बल्लेबाजों से यह पूछने के लिए कहा था कि उन्होंने दूसरी पारी के लिए क्या रणनीति बनाई है। इसके बाद बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच दरार की अफवाहें फैल गईं। कैरी ने हालांकि इस तरह की अफवाहों को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का तनाव है। उन्होंने कहा, ''अगर आप बल्लेबाजों से पूछें, तो हम सभी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और (एक क्रिकेटर के रूप में) आप शतक बनाने के लिए वहां जाते हैं और यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि आप कई बार निराश होते हैं।'' कैरी ने कहा, ''लेकिन हमारी टीम एकजुट है। हम सभी को बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है और हम सभी बड़े स्कोर बनाने के लिए उत्सुक हैं और मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी ऐसा करने में सफल रहेंगे।



### आईपीएल में अनसोल्ड रहे उर्विल पटेल ने फिर उड़ाया गर्दा

# 11 छक्के और 36 गेंदों में जड़ा शतक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उर्विल पटेल इन दिनों अपनी धमाकेदार प्रदर्शन के कारण काफी चर्चा में हैं। उनका बल्ले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में जमकर बोल रहा है। कुछ दिन पहले ही उन्होंने 28 गेंदों में शतक जड़ा था। वहीं एक बार फिर उन्होंने उत्तराखंड के खिलाफ 36 गेंदों में अपनी सेंचुरी जड़ी।

गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल इन दिनों अपनी धमाकेदार प्रदर्शन के कारण काफी चर्चा में हैं। उनका बल्ले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में जमकर बोल रहा है। कुछ दिन पहले ही उन्होंने 28 गेंदों में शतक जड़ा था। वहीं एक बार फिर उन्होंने उत्तराखंड के खिलाफ 36 गेंदों में अपनी सेंचुरी जड़ी। बता दें कि, विपक्षी टीम में आरसीबी के बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह शामिल थे। गुजरात के सलामी बल्लेबाज ने 41 गेंदों में नाबाद 115 रन की पारी में 11 छक्के और 8 चौके भी जड़े। उन्होंने अपनी टीम को इंदौर के एमराल्ड हाई स्कूल ग्राउंड पर 183 रनों के लक्ष्य को 8 विकेट और 35 रन शेष रहते हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। वहीं इससे पहले उत्तराखंड की तरफ से 20 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर 182 रन बने। उर्विल के नाम ये टी20 में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। जबकि उत्तराखंड के खिलाफ 36 गेंदों में लगाया गया उनका ये शतक किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाया गया चौथा सबसे तेज शतक है। इस लिस्ट में ऋषभ पंत और रोहित शर्मा दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। जहां पंत ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2018 में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 30 गेंदों में शतक जमाया वहीं रोहित ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों में शतक जड़ा था। आईपीएल 2025 में सबसे मंहगे खिलाड़ी के तौर पर बिके ऋषभ पंत का रिकॉर्ड अनसोल्ड रहे उर्विल पटेल ने तोड़ दिया। उर्विल ने गुजरात और त्रिपुरा के बीच 27 नवंबर को हुए मुकाबले में महज 28 गेंदों में अपना शतक पूरा किया गया। इस दौरान उन्होंने टी20 क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। सबसे तेज टी20 शतक बनाने का रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था। जिन्होंने साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों में शतक जमाया था।




# भारत की बहादुरी के क्यों जबरा फैन हुए एलिस्टेयर कुक

## अभी तक नहीं उतरा पर्थ जीत का खुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के ऑलटाइम ग्रेट प्लेयर्स में शामिल एलिस्टेयर कुक का मानना है कि आर अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी के बिना खेलना और ऑस्ट्रेलिया में बेहद दबाव वाली सीरीज के पहले टेस्ट में पहले बैटिंग करना इस बात को साबित करता है कि भारतीय टीम निडर है और किसी भी परिस्थिति में जीतने की अपनी क्षमता को लेकर बेहद आश्वस्त है। पूर्व कप्तान और टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी कुक ने पर्थ में पहले टेस्ट में सिर्फ 150 रन पर ढेर होने के बाद भारत की जोरदार वापसी की जमकर तारीफ की। कुक ने 'टीएनटी स्पोर्ट्स' पर कहा, 'मैंने सोचा कि भारत बहुत साहसी है। वे टॉस जीतते हैं और उस विकेट पर बैटिंग करते हैं, आप देखते हैं कि भले ही उन्होंने सिर्फ 150 रन बनाए, फिर भी वे सोचते हैं- हम ऑस्ट्रेलिया को वहां पर हराएंगे। हम जानते हैं कि यह कठिन होने वाला है लेकिन हमें लगता है कि यह दोनों टीम के लिए कठिन होगा।



उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि ज्यादातर कप्तान पहले गेंदबाजी करते, निश्चित रूप से करते और शायद खराब रिजल्ट का सामना करते जैसा कि आमतौर पर ऑस्ट्रेलिया में होता है। लेकिन भारत ने शानदार तरीके से इसका सामना किया।

# वेस्टइंडीज ने बंगलादेश के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए ग्रीव्स और जंगू को टीम में किया शामिल

एजेंसी

**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज ने इस महीने बंगलादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और अनकैप्ड विकेटकीपर बल्लेबाज आमिर जंगू को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज और बंगलादेश के बीच सीरीज का पहला मुकाबला आठ दिसंबर को दूसरा 10 और तीसरा से मैच 12 दिसंबर को सेंट किट्स एंड नेविस में खेला जायेगा। ग्रीव्स और जंगू दोनों ने वेस्टइंडीज में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम में जगह बनाई है, हाल ही में सुपर50 एकदिवसीय टूर्नामेंट में दोनों ने सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। वहीं स्पिनर हेडन वॉल्श जूनियर और युवा बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू को टीम से बाहर कर दिया गया हैं। इस सीरीज में आक्रामक बल्लेबाज शाई होप एक बार फिर वेस्टइंडीज की कमान सौंपी गई है जबकि ब्रैंडन किंग को उपकप्तान बनाया गया है। वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी इस सीरीज को लेकर कहा कि भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया के साथ होने वाले मुकाबलों को ध्यान में रखते हुए टीम का चयन किया गया है। सैमी ने कहा, हम आईसीसी पुरुष 50 ओवर के विश्व कप के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ना जारी रखते हैं, जहां हम श्रृंखला जीतने के अल्पकालिक उद्देश्यों के साथ खिलाड़ियों के पूल को व्यापक बनाना चाहते हैं, खासकर घरेलू मैदान पर और हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ जीत से गति का निर्माण करना चाहते हैं। बंगलादेश के साथ होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की 15 सदसीय टीम इस प्रकार है- शाई होप (कप्तान), ब्रैंडन किंग (उपकप्तान), कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, शिमरॉन हेटमायर, आमिर जंगू (विकेट कीपर), अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स और रोमारियो शेफर्ड।



## अंडर-19 एशियाकप: श्रीलंका ने बंगलादेश को दिया 229 रनों का लक्ष्य

**दुबई।** विमत दिनसारा (106) रनों की शतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने मंगलवार को अंडर-19 एशियाकप के नौवें एकदिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को जीत के लिए 229 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक के बाद एक 76 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये। श्रीलंका का पहला विकेट चौथे ओवर में दुलनित सिगेरा (पांच) के रूप में गिरा। शरुजन शंमुगनथन (चार), पुलिन्दु परेरा (19) और लकविन अभयसिंघे (21) रन बनाकर आउट हुये। अल फहद और रिजान हसन की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंका का काई भी बल्लेबाज पिच पर अधिक देर तक नहीं टिक पा रहा था ऐसे समय में विमत दिनसारा ने जूझारू पारी खेले उन्होंने 132 गेंदों में 10 चौके लगाते हुये (106) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

## गोमैकेनिक ने टॉप असिस्ट लॉन्च किया

**नयी दिल्ली।** कार सेवा और मरम्मत प्लेटफ़ॉर्म गोमैकेनिक ने 'टॉप असिस्ट' की शुरुआत की है, जो चौबीस घंटे सातों दिन राष्ट्रव्यापी सड़क किनारे सहायता सेवा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि किफ़ायती मूल्य निर्धारण, निर्बाध कवरेज और तेज़ प्रतिक्रिया समय के साथ, टॉप असिस्ट का लक्ष्य देश भर के ड्राइवरों के लिए आपातकालीन सहायता में कमी को पूरा करना है। ड्राइवरों को अक्सर लंबे समय तक प्रतीक्षा करने का सामना करना पड़ता है, खासकर राजमार्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में, जिससे वे फंसे और चिंतित रहते हैं। गोमैकेनिक के सह-संस्थापक हिमांशु ने कहा, सड़कें बदल गई हैं, लेकिन ड्राइवरों को जिस सहायता पर भरोसा है, वह नहीं बदली है। ब्रेकडाउन सिर्फ़ असुविधा के बारे में नहीं है - वे ड्राइवरों को फंसे और अनिश्चित छोड़ देते हैं।

# ऑक्सफोर्ड ने की वर्षों से अटकी परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए प्रगति मंच की सराहना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन ने भारत में 201 अरब डॉलर की 340 प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके प्रमुख प्लेटफॉर्म प्रगति मंच को श्रेय दिया है, जिसमें तीन से 20 साल तक की परियोजनाएं शामिल हैं। नौ साल पहले अपनी स्थापना के बाद से, प्रगति का भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। सोमवार को जारी अध्ययन में कहा गया है, जून 2023 तक, 17.05 लाख करोड़ रुपये (205 अरब डॉलर) की 340 परियोजनाएं प्रगति समीक्षा प्रक्रिया से गुजर चुकी थीं।




अध्ययन में कहा गया है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यावहारिक भागीदारी प्रगति मंच की एक प्रमुख विशेषता है और 'इसकी सफलता का एक आवश्यक घटक'। अध्ययन में कहा गया है कि श्री मोदी ने मंच के माध्यम से आगे बढ़ी 340 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से प्रत्येक की समीक्षा अध्ययन में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप, कई बड़ी और महत्वपूर्ण परियोजनाएँ जो कई बड़े और छोटे कारणों से अटकी हुई थीं, फिर से शुरू हो गई हैं। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा प्रगति प्रौद्योगिकी और शासन के एक अद्भुत समामेलन का प्रतिनिधित्व करती है, जो सुनिश्चित करती है कि बाधाओं को हटाया जाए और परियोजनाएँ समय पर पूरी हों। पिछले कुछ वर्षों में, प्रगति की बैठकों से इन सत्रों से ठोस लाभ हुए हैं, जिससे लोगों को बहुत लाभ हुआ है। मुझे खुशी है कि ऑक्सफोर्ड एसबीएस और गेट्स फाउंडेशन द्वारा अध्ययन में प्रगति की प्रभावशीलता को मान्यता दी गई है।

इस अध्ययन के सह-लेखक सैद बिजनेस स्कूल में डीन पीटर मूर्स और प्रबंधन के प्रोफेसर सौमित्र दत्ता तथा ऑक्सफोर्ड के सैद बिजनेस स्कूल के एसोसिएट फेलो मुकुल पांड्या हैं।

# कार्स24 चार महीनों में करेगा 100 से अधिक टेक विशेषज्ञों की भर्ती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑटोटेक प्लेटफॉर्म कार्स 24 कार की खरीद के अनुभव को बदलने की दिशा में जारी अपने प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से अगले चार महीनों में 100 से अधिक टेक विशेषज्ञों को अपने साथ जोड़ने की योजना बनाई है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ कंपनी कार की खरीद से जुड़े हर पहलु को अधिक स्मार्ट, आसान और सुलभ बनाना चाहती है। 'बैटर ड्राइव्स, बैटर लाईव्स' के दृष्टिकोण के साथ कंपनी ने यह विस्तार किया है, क्योंकि कंपनी का मानना है कि कार, सिर्फ आवागमन का साधन नहीं, बल्कि सपनों, प्रगति और बेहतर जीवनशैली का प्रतीक भी है। इसी के मद्देनज़र आर एण्ड डी, डेटा साइंस, जैन एआई, मशीन लर्निंग, रिएक्ट नेटिव, देवऑप्स, इंजीनियरिंग एवं प्रोडक्ट इनोवेशन जैसे नए रोल्स में टेक विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाएगा। इन प्रयासों के साथ कंपनी टेक्नोलॉजी के ज़रिए कार की खरीद से जुड़े हर पहलु को पूरी तरह से बदल देगी।

ठस विस्तार से रीसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट, डेटा साइंस, इंजीनियरिंग एवं प्रोडक्ट इनोवेशन में नए रोल्स उत्पन्न होंगे इनमें शामिल हैं- फाउंडर्स ऑफिस के लिए 10एक्स डेवलपर्स (बैकेंड, फ्रंटएंड और मोबाइल), देवऑप्स इंजीनियर्स, एमएल इंजीनियर्स, एसडीईटी मोबाइल एवं आईओएस डेवलपर्स। ये सभी टीमें आधुनिक फीचर्स के विकास पर काम करेंगे जैसे रियल टाईम में कार का इवैल्यूएशन, मेंटेनेन्स पर निगरानी, इंश्योरेन्स रीन्युअल, ड्राइवरों की भर्ती और कार सर्विसिंग- इस तरह सुपर ऐप के ज़रिए सब कुद बेहद आसान और सुलभ हो जाएगा। टीम कार की खरीद के अनुभव को आसान बनाने के लिए यूनिफाईड सिस्टम के विकास पर भी ध्यान केन्द्रित करेगी। इसी दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कंपनी टेक्नोलॉजी एवं प्रोडक्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश भी करेगी। इसका उद्देश्य आधुनिक परिवहन समाधानों, इनोवेशन्स के ज़रिए आज के दौर के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करना और उन्हें कार की खरीद का बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है।

# स्ट्रैंड के नए जीनोमिक्स डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर की हुई शुरूआत

एजेंसी

**बेंगलुरु।** प्रमुख जीनोमिक्स और बायोइनफॉरमैटिक्स कंपनी स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज ने कई तरह के कैंसरों का जल्द पता लगाने के लिए एक नए रक्त आधारित टेस्ट की शुरूआत की है। कैंसरस्पॉट नाम का यह टेस्ट, कैंसर ट्यूमर डीएनए की पहचान करने के लिए विश्व स्तर पर स्वीकृत मिथाइलेशन प्रोफाइलिंग तकनीक का उपयोग करेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि कैंसरस्पॉट एक ब्लड बेस्ड टेस्ट है। रक्त में कैंसर के डीएनए मिथाइलेशन सिग्नेचर की पहचान करने के लिए यह जीनोम सिक्वेंसिंग और खास विश्लेषण प्रक्रिया का इस्तेमाल करता है। यह टेस्ट नियमित कैंसर जांच का एक सरल और सुविधाजनक विकल्प है।




रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल की सदस्य ईशा अंबानी पीरामल ने कहा, रिलायंस मानवता की सेवा और चिकित्सा के भविष्य को नया आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। कैंसर भारत में मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन रहा है। यह रोगियों, परिवारों और समुदायों पर भारी वित्तीय, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक बोझ है। स्ट्रैंड का नया कैंसर पहचान टेस्ट, एक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा समाधान है। हम स्वास्थ्य-सेवा और भारत के साथ-साथ दुनिया के बाकी हिस्सों में जीवन को बेहतर बनाने में जीनोमिक्स की ताकत का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रिलायंस की हर पहल में उसका विज़न वी केयर दिखाई देता है। बेंगलुरु में स्ट्रैंड के नए अत्याधुनिक जीनोमिक्स डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर के उद्घाटन पर स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज के सीईओ और सह-संस्थापक डॉ. रमेश हरिहरन ने कहा, कैंसर से लड़ने और उस पर जीत हासिल करने के लिए समय रहते चेतावनी देना बहुत ज़रूरी है।

## टाटा पावर-डीडीएल और टीएचडीसीआईएल ने किया समझौता

**नयी दिल्ली।** घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास हेतु कौशल विकास एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड और टेहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन ने आपस में समझौता किया है, जिसका उद्देश्य बिजली के घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार के हिसाब से योग्य एवं दक्ष पेशेवर तैयार करना है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इससे टाटा पावर-डीडीएल तथा टीएचडीसीआईएल के बीच परस्पर सहयोग पर आधारित एक लाभदायक फ्रेमवर्क तैयार होगा। इसके तहत लीडरशिप, वैलनेस एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों समेत, वर्कशॉप, सेमिनार, रिसर्च गतिविधियों के अलावा कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स को भी शामिल किया गया है जो एनर्जी सेक्टर के लिए दक्षता और जानकारी बढ़ाने पर बल देंगे। यह महत्वपूर्ण भागीदारी एचआरडी तक्षशिला - एसएलसीडीसी, ऋषिकेश तथा दिल्ली में टाटा पावर-डीडीएल के लर्निंग सेंटर की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का लाभ उठाते हुए।

# निर्यात बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता में 10 साल में उल्लेखनीय सुधार हुआ है: वाणिज्य मंत्रालय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक विश्लेषण में कहा गया है कि रत्नों एवं अर्ध मूल्यवान पत्थरों , पेट्रोलियम तेल तथा कृषि रसायन जैसे विश्व बाजार के कुछ उत्पाद खंडों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार देश कई उत्पाद खंडों में प्रमुख निर्यातक देश बन कर उभरा है ।कई अन्य खंडों में विश्व निर्यात बाजार में देश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विज्ञप्ति के अनुसार भारत इन 10 वर्षों के दौरान मूल्यवान एवं अर्ध-मूल्यवान रत्न एवं प्रस्थरों के वैश्विक निर्यातकों में 11 से स्थान से पहले स्थान पर , पेट्रोलियम आयल, बिटुमिन वाले पदार्थों से तैयार तेलों के निर्यात में पांचवें से दूसरे स्थान,




गन्ने और चुकंदर की चीनी के निर्यात में चौथे से दूसरे स्थान ,कीटनाशकों, चूहे जैसे जीवों और फंगस को मारने की दवाओं और इस श्रेणी के अन्य उत्पादों के निर्यात में पांचवें से तीसरे स्थान और कोल-तार से तैयार अन्य उत्पादों के निर्यात में 14वें से चौथे स्थान पर पहुंच गया है। विज्ञप्ति के अनुसार पेट्रोलियम क्षेत्र ( पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल ) में 2014 में भारत का निर्यात 60.84 अरब डालर से बढ़ कर 2023 में 84.96 अरब डालर हो गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस आकस्मिक वृद्धि से इन उत्पादों के वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी 12.59 प्रतिशत हो गयी है। यह भारत की उन्नत आधारभूत रिफाइनिंग संरचना, बढ़ी हुई उत्पादन क्षमता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप है, जिसने दुनिया भर में एक भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। कृषि रसायन क्षेत्र में, भारत ने विशेष रूप से कीटनाशक, कृंतकनाशक और फंगस नाशक रसायनों का निर्यात 2023 तक 4.32 अरब डालर तक पहुँच गया और इस बाजार में भारत का हिस्सा 2014 के 5.89 प्रतिशत से बढ़कर 10.85 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने कहा है कि देश में अनुसंधान और विकास में निवेश और अंतरराष्ट्रीय कृषि मानकों के अनुपालन के कारण भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। इस दौरान गन्ना और चुकंदर की चीनी के वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी 2014 के 4.31 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.21 प्रतिशत रही।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्लीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# फेंगल प्रभावितों के लिए वित्तीय सहायता

## वायनाड भूस्खलन को गंभीर आपदा घोषित करने की मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सदस्यों ने मंगलवार को तमिलनाडु में फेंगल तूफान से तबाही के लिए वित्तीय सहायता दिये जाने, केरल के वायनाड में भूस्खलन को गंभीर आपदा घोषित करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के संभल की स्थिति, राजधानी दिल्ली में प्रदूषण तथा अन्य विषयों पर अपनी मांगे रखी।




M. Mohamed Abdulla, DMK, Tamil Nadu
पीठासीन : सभापति, श्री जगदीप धनखड़

द्रविड़ मुनेत्र कषगम के एम मोहम्मद अब्दुल्ला ने तमिलनाडु के अनेक क्षेत्रों में फेंगल तूफान के विनाशकारी प्रभाव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसके कारण राज्य में कृषि और बुनियादी ढांचा बुरी तरह तबाह हुआ है और कई लोगों की मौत हुई है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के लिए दो हजार करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे प्रभावित लोगों का पुनर्वास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि नुकसान के आकलन के लिए केन्द्र सरकार की एक टीम राज्य में भेजी जानी चाहिए और प्रभावित लोगों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की जानी चाहिए। एमडीएमके के वाइको ने कहा कि फेंगल तूफान के कारण अनेक जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। बड़ी संख्या में मछुआरों की नौका नष्ट हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सेना को स्थानीय प्रशासन की मदद के लिए भेजा जाना चाहिए और प्रभावित लोगों को वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। समाजवादी पार्टी के प्रो़ रामगोपाल यादव ने संभल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 19 नवम्बर को एक वकील साहब ने मुंसिफ मजिस्ट्रेट को संभल में पांच सौ वर्ष पुरानी मस्जिद का सर्वेक्षण कराने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि दो घंटे में इस पर कार्यवाही भी हो गयी और शांतिपूर्ण ढंग से सर्वेक्षण भी हो गया। सपा सदस्य ने कहा कि 24 नवम्बर को संभल को छावनी बना दिया गया। जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और याची वकील पुलिस दल बल के साथ मस्जिद में प्रवेश कर गये। भीड़ को संदेह हो गया कि ये तोड़फोड़ करने गये हैं। वहां डीएम ने टैंक का पानी खोल दिया और पानी बाहर आते ही लोगों को लगा कि गड़बड़ हो गयी वहां अशांति पैदा हो गयी। पुलिस ने गोली चला दी जिसमें पांच लोग मारे गये सैकड़ों घायल हो गये। यह संभल से लगते जिलों में हाल ही में हुए चुनाव में की गयी धांधली से ध्यान भटकाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से किया गया। सपा सदस्य ने जब चुनाव में पुलिस के दुरूपयोग की बात कहनी चाही तो सभापति ने कहा कि यह रिकार्ड में नहीं जायेगा।

## ईडी ने धन शोधन मामले में राज कुंद्रा को एक और समन किया जारी

एजेंसी



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए केंद्रीय एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति एवं व्यवसायी राज कुंद्रा को नया समन जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। ईडी ने राज कुंद्रा को सोमवार को तलब किया था, लेकिन उन्होंने जांचकर्ताओं के समक्ष उपस्थित होने के लिए एजेंसी से समय मांगा। हालांकि, एजेंसी ने उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया और उन्हें बुधवार को पेश होने के लिए दूसरा समन भेजा है। इसके अलावा, एजेंसी ने इसी मामले में अभिनेत्री गहना वशिष्ठ को भी तलब किया है और उन्हें नौ दिसंबर को जांच में शामिल होने के लिए कहा है। ईडी को कथित तौर पर अश्लील फिल्मों के अवैध वितरण से जुड़े धन शोधन मामले में कुंद्रा से पूछताछ करनी है। ईडी ने पिछले सप्ताह कुंद्रा के खिलाफ धन शोधन मामले में जुहू स्थित उनके आवास पर छापा मारा था। गौरतलब है कि मई 2022 में केंद्रीय एजेंसी ने पोर्नोग्राफी मामले के सिलसिले में उनके खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया था। इस सिलसिले में मुंबई पुलिस ने कुंद्रा को गिरफ्तार किया था। ईडी मामले से जुड़े वित्तीय लेन-देन की जांच कर रहा है। मुंबई पुलिस ने पहले ही कुंद्रा और इस मामले से जुड़े तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। कुंद्रा ने 2021 में मुंबई की आर्थर रोड जेल में दो महीने बिताए और उसी साल सितंबर में उसे जमानत मिल गयी थी।

## संक्षिप्त सामाचार

### डीएपी की कमी तत्काल दूर करे सरकार: कीर्ति आजाद

**नयी दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने मंगलवार को लोकसभा में किसानों को उर्वरक एवं खाद मिलने में हो रही दुश्वारियों का मामला उठाते हुये कहा कि डीएपी मिलने में हो रही किल्लतों से स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। श्री आजाद ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुये कहा कि उर्वरक खासकर डीएपी की बहुत किल्लत है और किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। खाद बिक्री केन्द्रों पर स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है और कई जगह पुलिस को बुलाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 30 लाख टन डीएपी के आयात का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन आयात मात्र 19.7 लाख टन किया गया है। इससे स्थिति संभल नहीं रही है और खाद के लिये हाहाकार मचा हुआ है। सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिये कि डीएपी की किल्लत क्यों है और उर्वरक की कमी कब दूर होगी।

### टीटीडी अध्यक्ष ने तिरुमाला में दर्शन कतारों का किया औचक निरीक्षण

**तिरुमाला।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बी.आर. नायडू ने मंगलवार को यहां दर्शन कतारों का औचक निरीक्षण किया। श्री नायडू ने पहले एटीजीएच में सर्व दर्शन कतारों की जांच की और उसके बाद नारायणगिरी शेड पहुंचे। बाद में, उन्होंने फुटपाथ हॉल (दिव्य दर्शन) का निरीक्षण किया और 300 रुपये की विशेष प्रवेश दर्शन कतार में टीटीडी द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर भक्तों की राय ली। निरीक्षण के दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि लड्डू अब ज्यादा स्वादिष्ट हो गए हैं और अन्नप्रसादम की गुणवत्ता भी बढ़ गई है।

### गाजा पट्टी में सैन्य ठिकानों का विस्तार कर रहा है इजराइल

**यरूशलम।** इजराइल मध्य गाजा पट्टी में बफर जोन बनाने के मकसद से अपने सैन्य ठिकानों के नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। 'द न्यूयॉर्क' टाइम्स ने इजराइली अधिकारियों और सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सैनिकों ने पिछले तीन महीनों में गाजा पट्टी को दो भागों में विभाजित करने और नेत्ज़ारिम कॉरिडोर के नाम से जानी जाने वाली सड़क के आसपास 600 से अधिक इमारतों को ध्वस्त कर दिया है। इजराइली सेना ने संचार टावरों और रक्षात्मक किलेबंदी से सुसज्जित चौकियों के अपने नेटवर्क का भी तेजी से विस्तार किया है।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर में दो महिला ओजीडब्ल्यू को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में पुलिस ने सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत दो महिला ओवरग्राउंड वर्करों (आतंकवादी सहयोगियों) को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कहा दोनों महिलाओं की पहचान लौधरा, बसंतगढ़ निवासी मरियमा बेगम और राय चक, बसंतगढ़ निवासी अरशद बेगम के रूप में की गई।वे आतंकवादी समूहों को रसद सहायता प्रदान करने और उनके लिए मार्गदर्शक और सुविधाप्रदाता के रूप में काम करने में शामिल पायी गयीं। उन्होंने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए हानिकारक आपराधिक गतिविधियों को रोकने और उनकी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए।

## तेजस्वी अपने विधानसभा क्षेत्र में किए विकास कार्यों को बतलाएं: अरविन्द

एजेंसी

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने आज कहा है कि सामाजिक न्याय के स्वघोषित मसीहा तेजस्वी यादव बिहार के जनता की क्या चिंता करेंगे, जिन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर के जनता की चिंता ही नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सिर्फ विधानसभा चुनाव के वक्त तेजस्वी यादव जी को अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर की याद आती है । तेजस्वी यादव जी बाकी समय राघोपुर की जनता को भगवान भरोसे छोड़ देते हैं। एनडीए सरकार पर उंगली उठाने से पहले उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर में क्या-क्या कार्य अपने विकास निधि से क्षेत्र का किया है और बिहार के उपमुख्यमंत्री रहते हुए अपने विधान सभा क्षेत्र राघोपुर के विकास में आपका क्या योगदान है



जरा बतलाने की कृपा करें। श्री अरविन्द ने कहा कि तेजस्वी जरा बतलाने की कृपा करें कि राघोपुर में कितने सड़के बनाई कितने मेडिकल कॉलेज, अस्पताल खोले, कितने विद्यालय कॉलेज राघोपुर में खोलने का काम उन्होंने किया है। कितना राघोपुर की जनता के दुखों को दूर करने का आपने काम किया है, उनके पीड़ा के समय में उनके साथ खड़ा रहने का काम किया है। सिर्फ विकास की बड़ी-बड़ी बातें करने से और झूठ बोलने से काम नहीं चलता है मा नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव जी जनता के बीच में रहकर काम करना पड़ता है।

## चक्रवात फेंगल: बचाव दल ने तमिलनाडु में भूस्खलन में दबे घर से सभी सात शव बरामद किए

एजेंसी

**तिरुवन्नामलाई (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में बचाव कर्मियों ने 24 घंटे तक चले मैराथन अभियान और बारिश से जूझने के बाद सोमवार शाम को अन्नामलाईयार पहाड़ियों की निचली ढलान पर चक्रवात फेंगल के कारण भूस्खलन में दबे घर में फंसे एक परिवार के सभी सात सदस्यों के शव बरामद कर लिए।

यह घटना रविवार शाम को हुई जब चक्रवात फेंगल के कारण तिरुवन्नामलाई जिले में हुई भारी बारिश के बाद वीओसी नगर में 11वीं गली में स्थित एक घर भूस्खलन में दब गया। भूस्खलन के बाद घर के अंदर सात लोग फंस गए जिनकी पहचान राजकुमार (32), पत्नी मीना (26) और उनके बच्चे गौतम (9) और इनिया (7),



रिश्तेदार महा (12), विनोदिनी (14) और राम्या (12) के रूप में हुई है। उस क्षेत्र में कई घर और दोपहिया वाहन या तो क्षतिग्रस्त हो गए या आंशिक रूप से मलबे के नीचे दब गए। पड़ोसियों द्वारा सतर्क किए जाने पर पुलिस और तमिलनाडु अग्निशमन और बचाव सेवा विभाग के कर्मियों वाली बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और फंसे हुए लोगों को बचाने का प्रयास किया। हालांकि लगातार भारी बारिश के कारण बचाव अभियान में बाधा आई। बचाव दल ने संवाददाताओं को बताया कि घर पर गिरने वाले पत्थर का वजन लगभग 35 टन था और संकरी गली में कीचड़ और पत्थर भरे हुए थे जिससे बचाव कार्य और भी चुनौतीपूर्ण हो गया। सोमवार को दूसरे दिन भी बचाव कार्य जारी रहा। 30 सदस्यों और दो खोजी कुत्तों वाली एनडीआरएफ टीम के साथ-साथ तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा के कर्मी भी अभियान में शामिल थे। भूस्खलन में दबा घर पहाड़ी की तलहटी में स्थित एक संकरी गली में है इसलिए जेसीबी और उत्खनन मशीनों को घटनास्थल पर ले जाना काफी मुश्किल था। सुबह तक जारी बचाव अभियान आज सुबह फिर से शुरू हुआ। अभियान में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा और पुलिस के कर्मी शामिल थे। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन लगातार अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने चक्रवात प्रभावित विल्लुपुरम जिले में राहत सामग्री का निरीक्षण करने और वितरित करने के बाद कहा कि बचाव प्रयासों में सहायता के लिए आईआईटी-मद्रास के इंजीनियरों को भी तैनात किया गया था।

# खेल में बिहार को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान: नीरज

एजेंसी

**पटना।** जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के विधानपार्षद और मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने आज कहा कि राजगीर में भव्य खेल परिसर का निर्माण कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने राज्य में खेलों और खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

जदयू के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता डा. निहोरा प्रसाद यादव और श्रीमती अंजुम आरा एवं पार्टी नेता अजीत पटेल ने नव निर्मित राजगीर खेल परिसर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्राफी के सफल आयोजन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। पार्टी प्रदेश कार्यालय में संयुक्त तौर पर



आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि नशा मुक्ति को लेकर आयोजित मैराथन दौड़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मशहूर बैडमिंटन खिलाडी सायना नेहवाल का बिहार आना बदलते बिहार का परिचायक है। प्रदेश पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि राजगीर में भव्य खेल परिसर का निर्माण कर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार ने राज्य में खेलों और खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है। यह देश का पहला ऐसा स्थल है जहां एक ही स्थल पर खेल परिसर एवं खेल विश्वविद्यालय है। 90 एकड़ में फैला यह खेल परिसर देश का पहला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स है जहां एक ही जगह पर खिलाड़ियों को 14 आउटडोर और 10 इनडोर खेलों का प्रशिक्षण मिल सकेगा।

इस खेल परिसर में 24 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिनमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, साइकिलिंग, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल जैसे खेल शामिल हैं। इस खेल परिसर में वायरलेस बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है जहां चुंबकीय विधि की मदद से खेल मैदानों में बिजली पहुंचाने का काम किया गया है साथ ही इस खेल परिसर में कुश्ती, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ट्रैक की व्यवस्था की गई है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि 740 करोड़ रुपए से अधिक लागत से बन रहे इस खेल परिसर में एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है जहां करीब 40 हजार दर्शक एक साथ बैठकर क्रिकेट मैच का आनंद ले सकेंगे। इस खेल परिसर में मुख्य क्रिकेट स्टेडियम के अलावे 8 छोटे क्रिकेट स्टेडियम की व्यवस्था की गई है। इन छोटे स्टेडियमों में करीब 10 हजार दर्शक मैच का आनंद ले सकते हैं। खेल विश्वविद्यालय में खेल प्रबंधन, खेल पोशन एवं खेल विज्ञान प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता के साथ-साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पढ़ाए जाने की व्यवस्था की गई है।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणी से इस महीने के अंत में ब्याज दर में चौथाई फीसदी की कटौती होने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन मजबूती रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 597.67 अंक की छलांग लगाकर 80,845.75 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 181.10 अंक उछलकर 24,457.15 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे



मिडकैप 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,982.17 अंक और स्मॉलकैप 1.03 प्रतिशत चढ़कर 56,237.47 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4067 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2739 में लिवाली जबकि 1220 में बिकवाली हुई वहीं 108 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियां हरे जबकि अन्य नौ लाल निशान पर रहीं। बीएसई में दूरसंचार और एफएमसीजी की 0.31 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.16, सीडी 0.57, ऊर्जा 1.01, वित्तीय सेवाएं 1.08, हेल्थकेयर 0.27, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.74, यूटिलिटीज 1.41, ऑटो 0.75, बैंकिंग 1.18, कैपिटल गुड्स 1.23, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.28, धातु 0.99, तेल एवं गैस 1.09, पावर 1.20, रियल्टी 0.35, टेक 0.36, सर्विसेज 2.13 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.60 प्रतिशत चढ़ गए।

# देश में 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जा रही है: नड्डा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार राज्यसभा को बताया कि कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों का शुरूआती चरण में भी पता लगाने के उद्देश्य से देश में 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जा रही है।




श्री नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने यूनिवर्सल स्क्रीनिंग की आयु सीमा को कम कर 30 वर्ष कर दिया है, ताकि बीमारियों का शुरूआती चरण में ही पता लगाया जा सके और फिर उसका उपचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि देया में 55 टेलीमानस सेंटर बनाये गये हैं, जहां मानसिक बीमारियों से पीड़ितों की मदद की जा रही है और उपचार में सहयोग किया जा रहा है। इन सेंटरों के माध्यम से मानसिक बीमारियों का उपचार भी किया जा रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को गति देने के लिए प्रशिक्षित कामगारों की संख्या बढ़ायी जा रही है और इसके लिए डिजिटल प्रशिक्षण का काम भी किया जा रहा है।

श्री नड्डा ने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत सभी गर्भवती महिलाओं का कम से कम चार और अधिक से अधिक सात तरह की जांच गर्भकाल में की जाती है और आवश्यकता अनुसार चिकित्सा भी उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि यह राज्य आधारित नहीं, बल्कि जनसंख्या आधारित योजना है और देश की सभी गर्भवती महिलाओं के लिए यह योजना है। इसमें शिशु के जन्म से पहले सभी आवश्यक टीके लगाये जाते हैं और इसकी पूरी जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ताओं की होती है। आशा कार्यकर्ताओं को इसका प्रशिक्षण दिया जाता है और समय समय पर उन्हें अपग्रेड भी किया जाता है।

## निजी चिकित्सालयों में दर सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य

**भोपाल।** आयुक्त, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी ने प्रदेश के सभी निजी चिकित्सालयों (नर्सिंग होम) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अस्पताल में प्रदायित सभी चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची (रेट लिस्ट) प्रमुखता से प्रदर्शित करें। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री राठी ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें बेहतर और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये यह महत्वपूर्ण है। निजी चिकित्सालयों में काउंटर पर दर सूची का प्रदर्शन अनिवार्य है। रोगी या उनके परिवारजन द्वारा मांग करने पर दर सूची दिखाना अस्पताल प्रबंधन का दायित्व भी होगा। इसके अलावा, यदि किसी अस्पताल को दर सूची में संशोधन करना हो, तो इसकी लिखित सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना आवश्यक है। संशोधित दर सूची को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा। इसका उद्देश्य रोगियों के अधिकारों की रक्षा करने और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाना है। यह निर्देश म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम, 1973 और नियम, 1997 (यथासंशोधित 2021) के नियम 17 के अनुसार जारी किए गए हैं।

